चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 89, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 28 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

आज गरीबों को मिल रहे हैं मकान: योगी

फिरोजाबादः प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को फिरोजाबाद में कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में गरीबों के मकान व उनकी जमीनों पर कब्जा होता था लेकिन आज गरीबों को मकान दिये जा रहे है। पहले व्यापारियों व स्ट्रीट वेंडरों से चौथ वसूली होती थी लेकिन आज उन्हें ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसलिए डबल इंजन की सरकार में इस ट्रिपल इंजन का जुडना भी जरूरी है। उन्होंने निकाय चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को फिरोजाबाद नगर के तिलक इंटर कालेज प्रांगण में भाजपा की महापौर पद की उम्मीदवार कामिनी राठौर के जनसमर्थन में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांच की इस नगरी ने एक बार फिर अपना परचम लहराना शुरू कर दिया है। 2014 से पहले देश के सामने पहचान के प्रश्न खड़े हुए थे कि हमारा भारत कैसा ना चाहिए। दुनिया के अंदर हमारा सम्मान नहीं था। भ्रष्टाचार भारत की पहचान बन गई थी। विकास के कार्य केवल पंचवर्षीय योजना तक सीमित रह गये थे। न सुरक्षा थी न सम्मान था। किसान, नौजवान परेशान था। देश में आत्महत्याओं को दौर चल रहा था लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के बाद नये भारत का निर्माण कर एक श्रेष्ठ भारत बनाया है। इसलिए दुनिया में भारत को सम्मान के साथ देखा जाता है। आज भारत में तुष्टिकरण नहीं होता है। तुष्टिकरण की राजनीति समाप्त हुई तो भारत के सशक्तीकरण की राह प्रारम्भ हुई। इसी का परिणाम है करोड़ों लोगों को आवास मिले, करोड़ों लोगों को कोरोना काल में राशन मिला, शौचालय बने, यह भारत में हुआ है। दुनिया के किसी देश में नहीं हुआ है। दुनिया में भारत के प्रति लोगों की धारणा बदली है। जैसे भारत के प्रति धारणा बदली है इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के प्रति भी लोगों की धारणा बदली है। उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री के विजन को अपने मिशन का हिस्सा बनाया। इसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में 54 लाख गरीबों के मकान बने हैं, दो करोड़ गरीबों के मकानों में शौचालय का निर्माण हुआ है। 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना व जनआरोग्य योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि 1 करोड़ 75 लाख गरीबों को उज्जवला योजना के कनेक्शन मिले हैं। आज उत्तर प्रदेश शोहदों के आतंक से मुक्त हुआ है। स्मार्ट सिटी बनी है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में पार्टी विशेष के कुछ युवाओं व कार्यकर्ताओं के द्वारा हाथों में तमंचे लहराये जाते थे, व्यापारियों को धमकाया जाता था लेकिन आज यूपी के युवाओं के हाथों में टैबलेट है। यह नये भारत का नया उत्तर प्रदेश है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए पैसे की कमी नहीं है। विकास के लिए विजन चाहिए व नेतृत्व चाहिए। आज प्रधानमंत्री के विजन को यूपी को मिशन मानकर आज हम नगर निकाय के चुनाव में आये हैं। डबल इंजन तेजी के साथ विकास कार्यो को आगे बढ़ा रहा है लेकिन विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए ट्रिपल इंजन की भी आवश्यकता है। निकाय चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह जाति धर्म, मजहब का चुनाव नहीं है, यह केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का चुनाव है। उन्होंने भाजपा महापौर पद की उम्मीदवार कामिनी राठौर सहित सभी नगर पालिका व नगर पंचायतों के अध्यक्ष, पार्षद एवं सभासद पद के भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

यूपी में माफिया अब हो गए अतीतः योगी

प्रदेश के एक करोड़ युवाओं को मिलेगी नौकरी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांच की नगरी ने एक बार फिर से अपने वैभव का परचम लहराना शुरु कर दिया है। नगर सृजन योजना के तहत नगर निगम फिरोजाबाद का विस्तार और नगर पंचायत मक्खनपुर सृजन हुआ है। अमृत मिशन के तहत 323 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाएं यहां के लिए स्वीकृत हुई हैं। हर घर नल की 27 करोड़ की परियोजना पूरी होने पर 14 हजार घरों को स्वच्छ पेयजल मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इसमें फिरोजाबाद को भी हजारों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जीआईएस में मिले निवेश प्रस्ताव से प्रदेश के एक करोड़ से ज्यादा नौजवानों को नौकरी मिलेगी। साथ ही करोड़ों युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा।

2014 के पहले देश के सामने पहचान का संकट थाः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के पहले देश के सामने पहचान का संकट था। भ्रष्टाचार चरम पर था। युवा परेशान था। दुनिया के अंदर भारत का कोई सम्मान नहीं रह गया था। विकास के कार्य केवल पंच वर्षीय योजना तक ही सीमित रह गए थे। न सुरक्षा थी और न सम्मान था। किसान परेशान थे, नौजवान पलायन के लिए मजबूर थे। देश के अंदर आत्महत्याओं का दौर चल रहा था। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद स्थितियां बदली। उन्होंने नए भारत का निर्माण किया। साथ ही एक भारत और श्रेष्ठ भारत की तस्वीर हम लोगों के सामने प्रस्तुत की। आज हर भारतवासी को दुनिया में सम्मान प्राप्त हो रहा है। अब दुनिया में जब भी कोई संकट आता है तो विश्व बिरादरी भारत की तरफ देखती है। आज भारत की पहचान टैलेंट, टेक्नोलॉजी और ट्रेनिंग के तौर पर हो रही है। आज नए भारत में तुष्टिकरण नहीं होता है बल्कि अपने नागरिकों के सशक्तिकरण पर ध्यान दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि करोड़ लोगों को शौचालय, घर और राशन मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का विजन ही हमारा मिशन है।

काशी विश्वनाथ जैसा बनना चाहिए बांके बिहारी का धाम : योगी

मथुराः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मथुरा के सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज मैदान में रैली कर नगर निकाय चुनाव में भाजपा को जिताने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं यहां एक बार फिर ट्रिपल इंजन की सरकार के लिए आप सभी से अपील करने आया हूं।

काशी विश्वनाथ जैसा बनना चाहिए बांके बिहारी का धामः मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम बनने के बाद अब मथुरा के नवनिर्माण की दिशा में कार्य हो रहे हैं। जैसे काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन गया। ऐसे ही बांके बिहारी के धाम का कार्य आगे बढ़ना चाहिए। हमें बरसाना, गोकुल, गोवर्धन को उसके पुरातन स्वरूप जैसी भव्यता देना है। ये हम सबकी जिम्मेदारी है।

पिछली सरकारों की भ्रष्टाचारयुक्त व्यवस्था ने मथुरा के विकास को रोकाः योगी ने कहा कि आजादी के बाद से विभिन्न सरकारों के कार्यकाल में लचर और भ्रष्टाचारयुक्त व्यवस्था ने मथुरा के विकास को रोक के रखा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि हमारी सरकार ने 2017 में मथुरा-वृंदावन नगर निगम का गठन किया। ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन करके यहां के समग्र विकास की कार्य योजना को आगे बढ़ाने का काम किया गया है। आज भारत बदल चुका है, तो हम भी बदलाव की इस प्रक्रिया में मौन नहीं रह सकते। भाजपा सरकार में काशी, अयोध्या, केदारनाथ, महाकाल का पुनरोद्धार हो रहा है। ये नया भारत है। इस नये भारत के सामर्थ्य के साथ हमें यूपी के सामर्थ्य को जोड़ना है।

दिखाई देगी द्वापर युग की भव्यता और दिव्यताः आज तीर्थ स्थल घोषित होते ही यहां बड़े स्तर पर कार्ययोजना के साथ काम हो रहा है। 84 कोसी परिक्रमा केवल अयोध्या में ही नहीं ब्रज में भी होने जा रही है।

प्रशासन यानी नवाचार : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को प्रशासन में नवाचार और नए विचारों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार नियम-कानून और पुरानी व्यवस्था तक सीमित नहीं होती। प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात में ह्यस्वागतह्ल पहल के 20 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए योजना के लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे देश में दशकों से यह मान्यता चली आ रही थी कि कोई भी सरकार आए उसे बनी-बनाई लकीरों पर ही चलते रहना होता है। लेकिन 'स्वागत' के माध्यम से गुजरात ने इस सोच को बदलने का काम किया है। गुजरात सरकार पहल के 20 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने पर स्वागत सप्ताह मना रही है। स्वागत की विशिष्टता यह है कि वह आम आदमी को अपनी शिकायतें सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने में मदद करता है। यह महीने के चौथे गुरुवार को आयोजित किया जाता है, जिसमें मुख्यमंत्री शिकायत निवारण के लिए नागरिकों के साथ बातचीत करते हैं। यह शिकायतों के त्वरित समाधान के जरिए आम लोगों और सरकार के बीच की खाई को पाटने में सहायक रहा है। इस कार्यक्रम के तहत सुनिश्चित किया जाता है कि प्रत्येक आवेदक को निर्णय के बारे में सूचित किया जाए। सभी आवेदनों की कार्यवाही ऑनलाइन उपलब्ध होती है। अबतक दर्ज की गई 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके लिए स्वागत की सफलता का सबसे बड़ा पुरस्कार यह है कि इसके जरिए हम गुजरात के लोगों की सेवा कर पाये। स्वागत का अर्थ लोकतांत्रिक संस्थाओं में आम लोगों का स्वागत है।

भारतीय बैंकिंग प्रणाली मजबूत: शक्तिकांत दास

मुंबई/नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली मजबूत बनी हुई है। वैश्विक घटनाक्रमों का इस पर खास प्रतिकूल प्रभाव देखने को नहीं मिला है।

शक्तिकांत दास ने गुरुवार को वित्तीय क्षेत्र की मजबूती पर मुंबई में एक वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। दास ने कहा कि भारतीय वित्तीय प्रणाली मजबूत बनी हुई है। कुछ आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं में वित्तीय अस्थिरता का इस पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ा है।

पाक लग रहा सर्जिकल स्ट्राइक का डर?

नई दिल्लीः पाकिस्तान में इन दिनों हलचल तेज है। खासतौर पर पीओके में। आर्थिक और राजनीतिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तानी लोगों के बीच चर्चा है कि भारत फिर से कुछ बड़ा करने वाला है। पुंछ में 20 अप्रैल को जवानों पर हुए आतंकी हमले के बाद से इसको लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। भारत में पाकिस्तान के राजदूत रह चुके अब्दुल बासित ने तो यहां तक कह दिया है कि भारत एक बार फिर से सर्जिकल स्ट्राइक कर सकता है। हालांकि, बासित ने यह भी कहा है कि जी20 समिट को देखते हुए फिलहाल भारत ऐसा कदम नहीं उठाएगा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सच में भारत फिर से पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक करने वाला है? आखिर क्यों पाकिस्तान सहमा हुआ है? भारत में

पाकिस्तान के राजदूत रहे अब्दुल बासित क्यों ऐसा दावा कर रहे हैं? अब्दुल बासित ने कहा, 'पुंछ में भारतीय सैनिकों पर हमला हुआ था। इसके बाद से पाकिस्तान में यही चर्चा है कि भारत एक बार फिर सर्जिकल स्ट्राइक कर सकता है। यह एयर स्ट्राइक भी हो सकती है। हालांकि मुझे ये भी लगता है कि भारत में एससीओ समिट होने वाली है और जी-20 की अध्यक्षता भी भारत के पास है तो ऐसे में वो क्या इस तरह का कोई कदम उठाएगा? वैसे, अगले साल वहां (भारत में) चुनाव हैं और तब इस तरह के किसी हमले का खतरा बहुत ज्यादा होगा। हो सकता है कि भारत में जनरल इलेक्शन के ठीक पहले पाकिस्तान पर कोई हमला किया जाए।' जम्मू कश्मीर के पुंछ में 20 अप्रैल को आतंकियों ने भारतीय सेना के एक ट्रक को स्टिकी बम से निशाना बनाया था। हमले में पांच जवान शहीद हो गए थे। ये जवान रोजा इफ्तार के लिए खाने का सामान लेकर जा रहे थे। हमले के बाद सेना ने पुंछ के घने जंगल में बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया था। अब पाकिस्तान को लगता है कि भारत इसका बदला सर्जिकल स्ट्राइक के तौर पर ले सकता है। यही कारण है कि पूरे पाकिस्तान में इसको लेकर चचाएं शुरू हो गईं हैं। इसे समझने के लिए हमने रक्षा विशेषज्ञ कर्नल (रिटायर्ड) डॉ. अशोक से बात की। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान का ये डर जायज है।

सीएम बघेल ने बलिदानी जवानों के पार्थिव शरीर को दिया कंधा

दंतेवाड़ाः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अरनपुर नक्सली हमले में बलिदान देने वाले डीआरजी के जवानों के पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके पैतृक गांवों के लिए विदा किया। वह श्रद्धांजलि देने के लिए गुरुवार को जिला मुख्यालय के कारली पुलिस लाइन पहुंचे। उन्होंने बलिदानियों को नमन करते हुए उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पगुच्छ अर्पित किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने शहीद जवानों के परिजनों से भेंटकर शोक संवेदना प्रकट की और ढांढस बंधाया। इस अवसर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, बस्तर सांसद दीपक बैज, सांसद फूलोदेवी नेताम, बीजापुर विधायक विक्रम मडावी, दंतेवाड़ा विधायक

देवती कर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, डीजीपी अशोक जुनेजा, एडीजी नक्सल विवेकानंद सिन्हा, बस्तर कमिश्नर श्याम धावड़े, आईजी बस्तर सुंदरराज पी., कलेक्टर विनीत नन्दनवार, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। दरअसल, 26 अप्रैल को नक्सली हमले में डीआरजी के 10 जवान और एक वाहन चालक बलिदान हुए हैं। सभी जवान एक पिकअप वाहन में सवार थे। डीआरजी के जवान एक ऑपरेशन से लौट रहे थे, इसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर दिया। बलिदान देने वाले जवानों में जोगा सोढ़ी पोलमपल्ली सुकमा, मुन्ना कड़ती तुमनार दंतेवाड़ा, संतोष तामो भांसी दंतेवाड़ा, दुलगो मंडावी कटेकल्याण दंतेवाड़ा, लखमू राम मडकामी भैरमगढ़ बीजापुर, जोगा कवासी कटेकल्याण दंतेवाड़ा, हरिराम कटेकल्याण दंतेवाड़ा, जयराम पोडियाम कटेकल्याण दंतेवाड़ा, जगदीश कुमार कोवासी कटेकल्याण दंतेवाड़ा, राजू राम करटम कटेकल्याण दंतेवाड़ा और वाहन चालक धनीराम यादव गीदम दंतेवाड़ा हैं।

बाबा बदरीनाथ धाम के खुले कपाट

खुलते ही बढ़ने लगी श्रद्धालुओं की भीड़

गोपेश्वरः बाबा बदरीनाथ धाम मंदिर के कपाट गुरुवार को खुलने के साथ ही धाम के अलावा अन्या तीर्थों और पर्यटक स्थलों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ पहुंचने लगी है। भू-बैकुण्ठ धाम के आसपास तप्तकुण्ड, नारद कुण्ड, शेष नेत्र झील, नीलकण्ठ शिखर, उर्वशी मन्दिर, ब्रह्म कपाल, माता मूर्ति मन्दिर और देश के प्रथम गांव माणा, भीमपुल, वसुधारा जल प्रपात और अन्य ऐतिहासिक, दार्शनिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ पहुंचने लगी है।

कब कितने यात्री पहुंचे बद्रीनाथः विगत वर्षों में लाखों श्रद्धालु बदरीनाथ की यात्रा कर चुके हैं। पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2016 में 6,54355, वर्ष 2017 में 9,20466, वर्ष 2018 में 10,48051, वर्ष 2019 में 12,44993 और वर्ष 2020 में 155055 श्रद्धालु बदरीनाथ पहुंचे। वर्ष 2021 में कोरोना संकट के कारण 1,97997 श्रद्धालु ही बदरीनाथ धाम पहुंचे।

सैनिकों के बच्चों को मिलेगा दोगुना भरण पोषण भत्ता

नई दिल्लीः अब देश की सेवा करते हुए बलिदान होने वाले सैनिकों के बच्चों की देखभाल और भरण पोषण के लिए दोगुना भत्ता मिलेगा। यह फैसला सेना कमांडरों के सम्मेलन में लिया गया है। इसके अलावा भविष्य में सेना को आकार देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। युद्ध के दौरान शारीरिक रूप से हताहत होने वाले सैनिकों को पैरालंपिक स्पधाओं के लिए नौ खेलों में प्रशिक्षित करने का निर्णय किया गया है। सेना के कमांडरों का सम्मेलन 17-21 अप्रैल के बीच पहली बार हाइब्रिड मॉडल में किया गया, जिसमें व्यापक रूप से रणनीतिक, प्रशिक्षण, मानव संसाधन विकास तथा प्रशासनिक पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में फैसला

लिया गया कि युद्ध के दौरान शारीरिक रूप से हताहत हो जाने वाले सैनिकों की पैरालंपिक स्पधाओं के लिए पहचान करके उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें नौ खेल प्रतिस्पधाओं में आर्मी स्पोर्ट्स और मिशन ओलंपिक नोड्स में प्रशिक्षित करने का निर्णय किया गया है। इसके अलावा युद्ध के दौरान बलिदान होने वाले सैनिकों के सक्षम बच्चों को एजीआईएफ के माध्यम से भरण पोषण भत्ते को दोगुना कर देने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में सेना के कमांडरों और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मौजूदा उभरते सुरक्षा परिदृश्यों का जायजा लिया और भारतीय सेना की ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। इसके अलावा अग्निपथ स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन की प्रगति पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। इस वर्ष 791 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 435 सिमुलेटरों की खरीद के माध्यम से सिमुलेटर प्रशिक्षण की योजना पर भी चर्चा हुई।

पहलवानों के साथ आए रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को लेकर जंतर मंतर पर खिलाड़ियों का धरना पांचवें दिन भी जारी है।

धरने पर बैठे पहलवानों को राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी का भी साथ मिला है। गुरुवार को पहलवानों का समर्थन करने वे स्वयं धरना स्थल पर पहुंचे।

इस दौरान जयंत चौधरी ने कहा कि सरकार को तीन महीने पहले ही खिलाड़ियों की बात माननी चाहिए थी। अब इस मामले में तुरंत केस दर्ज होना चाहिए।

गुरुवार को हरियाणा से कई खाप पंचायत के सदस्य भी जंतर मंतर पर धरना दे रहे खिलाड़ियों का समर्थन करने पहुंचे। चौधरी ने कहा कि जबतक बृजभूषण शरण के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं होती, तबतक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती है। पहले पुलिस उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करे। फिर जांच करती रहे। पुलिस को तत्काल एफआईआर दर्ज करनी चाहिए।

खबर संक्षेप

मंत्री नंदी की नाराजगी पर बोले प्रदेश अध्यक्ष, जो शंकायें थी उसे कर लिया है दूर

प्रयागराज। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी द्वारा सपा में रहे रईस शुक्ला को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य द्वारा भाजपा ज्वाइन कराने के बाद जताई गई नाराजगी का मामला तूल पकड़ने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बुधवार को सफाई दी। निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रयागराज पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जो शंकायें थीं उसको बैठकर दूर कर लिया गया है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बहादुरगंज स्थित मंत्री नंदी के घर भी गए। वहां निवर्तमान मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने उनका स्वागत किया। अभिलाषा गुप्ता के आवास पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर और चुनाव प्रभारी महेश चंद्र श्रीवास्तव भी पहुंचे। इस मुलाकात को अभिलाषा ने शिष्टाचार भेंट बताया। कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के साथ चाय पर निकाय चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। इसके पूर्व संवाददाताओं से हुई बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष ने कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की पत्नी निवर्तमान मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी का टिकट काटे जाने पर कहा कि पूरे प्रदेश में किसी जनप्रतिनिधि या सांसद और विधायक के परिजनों को टिकट नहीं दिया है।

डीएम की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों के कमिशनिंग के बारे में सभी आरओ एवं एआरओ को दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की उपस्थिति में गुरूवार को संगम सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सम्पन्न कराये जाने हेतु ईवीएम मशीनों की कमिशनिंग किए जाने के सम्बंध में इंजीनियरों के द्वारा सभी आर0ओ0, ए0आर0ओ0, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को प्रशिक्षण दिया गया। ईवीएम मशीनों, सीयू एवं बीयू के संचालन की प्रक्रिया के बारे में भी इंजीनियरों के द्वारा जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी आर0ओ0 एवं ए0आर0ओ0 व अन्य सम्बंधित अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग के साथ सूक्ष्मता से ईवीएम मशीनों के कमिशनिंग करने के बारे में बारीकी से जानकारी प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आप लोग जितनी बारीकी एवं मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उतनी ही सहजता एवं सुगमता के साथ कमिशनिंग व निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल ढंग से सम्पन्न करा सकेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, एडीएम सिटी मदन कुमार, एडीएम नजूल प्रदीप कुमार यादव, सभी आर0ओ0, ए0आर0ओ0, उपजिलाधिकारी गण, अपर नगर मजिस्टेटगण, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में अव्वल छात्र-छात्राएं

चौधरी जगदेव सिंह इं.का. टीकर की श्रुति केसरी ने जिले में हासिल किया छठवां स्थान

रत्योरा। चौधरी जगदेव सिंह इंटर कॉलेज टीकर के हाई स्कूल की छात्रा श्रुति केसरी ने जिले में छठवां स्थान हासिल कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। जनपद में स्थान प्राप्त छात्रा श्रुति केसरी को विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय की टापर छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पालकी सिंह ने बताया कि विद्यालय की जिन छात्राओं ने 80% के ऊपर अंक हासिल किया था उन छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। जनपद में छठवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा श्रुति केसरी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हाई स्कूल का पेपर बहुत कठिन नहीं आता है। हमें लगातार 12 घंटे पढ़ने के बजाय 3 घंटे ही पढ़े लेकिन मन लगाकर पढ़ें निश्चित तौर पर लक्ष्य हासिल होगा। अवकाश प्राप्त शिक्षक गजाधर सिंह ने कहा कि श्रुति केसरी ने अभाव में पढ़ी छात्रा है। लेकिन इसने यह साबित कर दिया कि अगर मन में सच्ची लगन व परिश्रम की क्रियाशीलता हो तो अभाव की दुनिया भी प्रतिभाओं को रोक नहीं सकती। सम्मान समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के मंत्री वीरेंद्र प्रताप सिंह ने की। विद्यालय के प्रबंधक श्याम बहादुर सिंह ने आए हुए अभिभावकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शेर बहादुर सिंह, राम सिंह, देवदत्त सिंह, हरि शंकर सिंह, प्रदीप सिंह समेत कई शिक्षक व भारी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

टीपी मेमोरियल में मेधावी को किया गया सम्मानित

झूंसी। सरायतकी स्थित टीपी मेमोरियल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इंटर, हाईस्कूल के छात्र छात्राओं को गुरुवार को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य लक्ष्मीकांत उपाध्याय ने बताया कि विद्यालय में लड़कों की अपेक्षा लड़कियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। उन्होंने बताया कि स्कूल में इंटर की आकांक्षा यादव व हाईस्कूल में सुप्रिया यादव ने टॉप किया है। इंटर की आकांक्षा यादव, छाया यादव, अंशु कुमारी, दिया यादव, खुशी यादव, मानसी केसरवानी, प्रगति श्रीवास्तव, तृप्ति यादव, अंजली सिंह, शिवम कुमार, साक्षी केसरवानी, प्रतीक तिवारी, पूजा निषाद, अंजली वर्मा, निशू यादव व हाईस्कूल में पूजा पाल, शुभांगी प्रजापति, आदित्य कुमार, प्रिंस यादव, श्याम यादव, अंकित यादव, सोनिया सिंह, आदित्य शर्मा, सोमयांश त्रिपाठी, अनन्या यादव, विशाल पटेल, अंकित यादव, अर्पिता यादव, रागिनी यादव, शायरा बानो सहित दर्जनों छात्र छात्राएं प्रथम स्थान से प्राप्त हुई है।

हर्षिता डॉक्टर बन लोगो की सेवा करना चाहती हैं



झूंसी। बच्चा राम इंटर कालेज में पढ़ने वाली हर्षिता इंटर की परीक्षा में प्रदेश में छठ स्थान हाशिल किया है। हर्षिता यादव का सपना डॉक्टर बन लोगो की सेवा करने का है। जिसकी तैयारी में वो लगी है। हर्षिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ गुरुजनों को दिया। हर्षिता की माँ बीबू यादव ब्रिज वर्ड कंपनी की डायरेक्टर है पिता अजय यादव ठेकेदार है। हर्षिता ने बगैर कोचिंग के 500/482 अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ अपने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। हर्षिता प्रति दिन 6 से 7 घंटे पढ़ाई करती थी। उन्होंने ने छात्र-छात्राओं को सफलता का टिप्स देते हुए कहा कि मछली की आँख की तरह आप अपने लक्ष पर ध्यान दे तो आप अवश्य सफल होंगे। गुरुवार को बृजलाल यादव, जगवंती देवी, जय प्रकाश, विजय कुमार यादव, विवेक सिंह आदि ने हर्षिता का स्वागत कर बधाई दी।

मेधावी विद्यार्थियों को प्रबंधन तंत्र ने सम्मानित किया

करछना। के एमआर तिवारी इंटर कॉलेज भडेवरा के यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटर के छात्र व छात्राओं के परीक्षा फल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। वहीं 92 फीसदी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट उमाकांत तिवारी और व्यवस्थापक कपिल तिवारी ने परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए मेधावियों को बधाई दी है। हाई स्कूल में टॉपर्स रहे विद्यार्थियों में रिंशू मिश्र 89 फीसदी स्नेहल यादव 82.4 आकांक्षा यादव 82. कार्तिकेय शर्मा 80 पियूष त्रिपाठी 77 फीसदी अंक अर्जित किए। इसी प्रकार इंटर के विद्यार्थियों में दीक्षा द्विवेदी 85 दीक्षा शुक्ला 83 कोमल 81.2 दर्शन यादव 78 रिशु पांडेय ने 75 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में अब्बल रहे । इसी प्रकार करछना के गजरूप सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज आदर्श नगर धरवारा में यूपी बोर्ड के 10वीं व 12वीं कक्षा का परिणाम बहुत ही बेहतर रहा । जिससे विद्यालय परिवार में खुशी व्याप्त है। हाई स्कूल में दिवाकर सिंह ने 91 फीसदी शुभम कुमार प्रजापति 91 आशिका सिंह 84.6 स्नेहल शुक्ल 87 विकास पटेल 86 विशाल यादव 85 जॉहवी 85 अंशिका सिंह 84.6 सरिता देवी 83.5 आंचल द्विवेदी 83 शानू विश्वकर्मा 81.33 फीसदी अंक अर्जित किया है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में अलिसा पटेल 82.2 फीसदी अन्नू सिंह 77 अंशिका सिंह 76 विकास कुमार 7 1.6 सत्यम 71.2 पूजा तिवारी 70.6 फीसदी अंक अर्जित कर के विद्यालय समेत माता-पिता का सम्मान बढ़ाया है। कालेज के प्रबंधक दिनेश सिंह प्रधानाचार्य जगत नारायण पांडेय व्यवस्थापक विवेक सिंह ने यूपी बोर्ड के परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई भी दी है।

मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

करछना। जीएस साईंस एकेडमी इंटर कॉलेज मझुआ भिटरिया का यूपी बोर्ड का रिजल्ट शत- प्रतिशत रहा। बुधवार को 10वीं व 12वीं कक्षा में अव्वल रहे सभी छात्र व छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक डॉ एल एन सिंह व प्रधानाचार्य अवनीश श्रीवास्तव की ओर से बच्चों का मुंह मीठा कराकर व माला पहना करके उनका अभिनंदन किया गया। वहीं हाई स्कूल में आशीष शुक्ला ने 94 फीसदी व इंटर में लाइका दुबे ने 90 फीसदी अंक अर्जित कर के विद्यालय में टापर रहे । और विद्यालय समेत अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया है । इसी प्रकार हाई स्कूल में कीर्ति पांडेय 92 फीसदी आयुष पांडेय 91 फीसदी सौरभ पटेल 90 तनु शुक्ला 90 फीसदी अभिषेक यादव 90 रिया पांडेय 89 प्रियंका विश्वकर्मा 89 पलक सिंह 88 फीसदी आंचल निषाद 88 गगन यादव 88 अर्पित तिवारी ने 85 फीसदी अंक अर्जित किया है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में प्रिया सिंह 88 संजना यादव 87 आकांक्षा पांडेय 85 आंचल 85 कोमल कुशवाहा 83 प्रियांशी केसरवानी 83 साक्षी बिंद 83 आंचल शुक्ल 82 साक्षी श्रीवास्तव 81फीसदी अंक अर्जित कर के विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस मौके पर शिक्षक व शिक्षिकाओं में शीनू शुक्ला योगेश विश्वकर्मा माधुरी पाल गायत्री शर्मा निधि सिंह शिफा खां ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है।

यशस्वी तिवारी की सिविल सेवा में जाने का सपना है

करछना। मुंगारी गांव निवासी अजितेश तिवारी की पुत्री यशस्वी तिवारी ने यूपी बोर्ड के हाईस्कूल में 91.66 फीसदी अंक अर्जित कर के विद्यालय समेत माता-पिता का गौरव बढ़ाते हुए नाम रोशन किया है । यशस्वी तिवारी गजराज सिंह एचएस हाई स्कूल नैनी की छात्रा है । यशस्वी तिवारी का सिविल सेवा में जाने का सपना है। पिता अजितेश तिवारी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष है। और माता पूनम देवी गृहिणी हैं। पुत्री के परीक्षा परिणाम से माता-पिता दोनों खुश हैं।

आरडी मेमोरियल माडर्न कान्वेंट इंटर कॉलेज जंघई का परीक्षा परिणाम सर्वोत्तम

जंघई। यूपी बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में आरडी मेमोरियल माडर्न कान्वेंट इंटर कॉलेज जंघई का परीक्षा परिणाम सर्वोत्तम रहा।हाईस्कूल की परीक्षा में तनुजा यादव 89.84%, अंकित यादव 89.16%, नितिन मिश्रा 89.16%, आर्यन विश्वकर्मा 88.50%, खुशी शर्मा 87.50% एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में वैभव बिंद 87%, लबली शुक्ला 80.80%, रिचा गुप्ता 79.40%, श्वेता शुक्ला 79.20%, हेमंत यादव 77.60% अंक प्राप्त करके परीक्षा उत्तीर्ण किया। विद्यालय के प्रबंधक घनश्याम दुबे, प्रधानाचार्य राकेश दुबे, शिक्षकों में संदीप गुप्ता, मनोज दुबे, मतीश मिश्रा, रविंद्र तिवारी, संतोष तिवारी, उमेश दुबे, राजेश मिश्रा सहित समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

एसकेएस पब्लिक इंटर कॉलेज वारी का सफल परीक्षा परिणाम

जंघई। यूपी बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने पर नवीन मान्यता प्राप्त एसकेएस पब्लिक इंटर कॉलेज वारी का परीक्षा परिणाम सर्वोत्तम रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें विवेकानंद ने 95.5%, अंक प्राप्त करके विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।राधा पांडेय 89.5%, प्रिया राज 88%, उजाला यादव 87%, आकाश शर्मा 85%, खुशी सिंह 82.5%, सुमित ने 82% अंक प्राप्त किया है।इसी प्रकार विद्यालय के अधिकांशतः छात्र छात्राओं ने 80% से अधिकतर अंक प्राप्त करके विद्यालय एवं परिवार तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य विकास गुप्ता, सचिव आलोक श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षकों ने छात्र, छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

हाईस्कूल में अबू हस्सान अंसारी व इन्टर में मोहम्मद अब्बास ने मारी बाजी

मऊआइमा। मऊआइमा विकासखंड स्थित स्टैंडर्ड इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र अबू हस्सान अंसारी ने हाई स्कूल के परिणाम में 552 नंबर हासिल कर मऊआइमा टॉप किया , अबू हस्सान अंसारी मऊआइमा कस्बे के मोहल्ला आजमपुर के रहने वाले हैं। परिवारजनों में खुशी की लहर है, इस मौके पर युवा आलिम मुफ्ती फजलुर रहमान इलाहाबादी ने मुबारकबाद पेश की, उन्होंने कहा शिक्षा अत्यंत जरूरी है, समद अहमद ने दूसरा स्थान हासिल किया उन्होंने 532 नंबर हासिल किया आरिफ अली ने 514 नंबर हासिल किया जबकि पांचवां स्थान पर रंजना 510 रही। इन्टर मीडिएट में मोहम्मद अब्बास ने 88 % नंबर हासिल कर स्टैंडर्ड का नाम किया, उन्होंने 443 नंबर हासिल किया दूसरे स्थान पर प्रदीप सोनी रहे ।जिन्होंने 435 नंबर हासिल किए तीसरे स्थान पर अरुण सिंह रहे जिन्होंने 433 नंबर हासिल किया चौथे स्थान पर फरिया बानों रहीं , उन्होंने 421 नंबर हासिल किया, पांचवा स्थान पर मोहम्मद अमान रहे जिन्होंने 416 नंबर हासिल किए , इस प्रकार हाईस्कूल में 98%इन्टर मीडिएटर में 99 % स्टैंडर्ड इंटरमीडिएट ने हासिल किया ,प्रधानाचार्य राकेश यादव ,प्रबंधक मोहम्मद युनुस और तमाम शिक्षकों ने सभी को बहुत-बहुत बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी, अबू हसन अंसारी के मऊआइमा टॉप करने पर पूर्व चेयरमैन हाजी शोएब अंसारी ने बहुत-बहुत बधाई दी इसी तरह सालिम अंसारी, समाजसेवी उमैर जलाल, शमीम अहमद, फरोग महमूद आदि ने बधाई दी।

शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तत्पर्य : डीसीपी

मऊआइमा नगर पंचायत के सभी प्रत्याशियों की थाने में हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। यदि किसी ने भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किया तो उसकी खैर नहीं है। जेल जाना तय है। उक्त बातें प्रत्याशियों की बैठक में डी सी पी गंगानगर अभिषेक भारतीय ने कही। मौजूद सभी प्रत्याशियों को आगाह किया कि पैसा बांटते, शराब बांटने ,धमकाने तथा जबरियन धमका कर वोट लेने की कोशिश करने आदि की सूचना मिलते ही प्रत्याशी के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। बैठक में ए सी पी मनोज सिंह, इंस्पेक्टर सुरेश सिंह सहित समस्त थाने के स्टाप के साथ पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी ,मोहम्मद आलम, मो शमीम, अय्यूब अंसारी ,तौकीर अहमद ,रिजवान , रवि साहू ,प्रदीप केसरवानी, सहित समस्त प्रत्याशी गण मौजूद थे।

मऊआइमा पुलिस ने किया गली गली घूम कर फ्लैग मार्च

मऊआइमा। आगामी निकाय के मद्देनजर डी सी पी गंगानगर अभिषेक भारतीय, ए सी पी मनोज सिंह,मऊआइमा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत मऊआइमा में पुलिस ने फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्वक चुनाव के लिए लोगों से अपील किए इस दौरान मऊआइमा थाने का समस्त स्टाप ग्लैग मार्च में मौजूद रहे।

कटरा दयाराम में बालीवाल क्लब का गठन आज से आयोजित होगा मैच

मऊआइमा। मऊआइमा विकास खण्ड के कटरादयाराम में बालीवाल क्लब का गठन किया गया। जिसमें मैच का भी आयोजन किया गया है। मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम कटरा दयाराम में बालीवाल क्लब का गठन किया गया है। जिसमें मैच का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख ब्लाक प्रमुख सुधीर मौर्या, अंकेश पटेल जिला पंचायत सदस्य ,इस्तेमाज हाफिज, विशिष्ट अतिथि शारदा प्रसाद मंडल अध्यक्ष, हरिश्चन्द्र मंडल उपाध्यक्ष, मैच के आयोजक डाक्टर अजय मौर्या, अध्यक्ष रविना मौर्या, उपाध्यक्ष राजेश गौतम, व्यवस्थापक कमला प्रसाद , बच्चा भगत मौर्या,धर्मेंद्र, जगन्नाथ, बृजेश शुक्ला आदि उपस्थित थे।

पीएम आवास योजना में अपात्रों को दिए गए लाभ

अखंड भारत संदेश

कोरांव। कोरांव ब्लॉक में पीएम आवास योजना के तहत कई ग्राम पंचायतों में अपात्रों को आवास दिए जाने का मामला उजागर हुआ है। साथ ही ग्राम पंचायत भोगन में दो दर्जन से अधिक अपात्रों को आवास दिए जाने की पुष्टि होने पर सचिव भोजन को निलंबित कर दिया गया। सभी लाभार्थियों के पास ट्रैक्टर आदि सक्छम होने के प्रमाण मिले हैं। बता दें कि कोरांव ब्लॉक में कई गांवों से पात्र लोगों ने शिकायत की थी कि अपात्रों से पैसा ले कर सचिव ने अपात्रों को आवास दे दिया गया है। पीडी प्रयागराज ने जांच टीम गठित कराई। जिसमे भोगन में दो दर्जन से अधिक लाभार्थियों को आवास अपात्रों को दिए जाने के आरोप में सचिव मुजीब को निलंबित कर दिया गया है। और 24 लाख रिकवरी की भी हुकम जारी किया गया है। संसारपुर में भी सचिव पर मनमाने ढंग से अपात्रों को आवास पात्रों का काट कर देने की शिकायत की जांच हुई। अल्हवा ग्राम पंचायत में भी सचिव द्वारा अपात्रों को मनमाने ढंग से आवास कुछ लोगों को आवास दिए जाने की शिकायतें हुई। ग्राम पंचायत बंसीपुर में भी उक्त सचिव ने अपात्रों को आवास दिए जाने की जांच सहायक विकास अधिकारी पंचायतीराज कोरांव डी सी पाठक की टीम ने की। जिसकी रिपोर्ट ब्लॉक में दे दी गई। अल्हवा में इसके पूर्व भी तत्कालीन ग्राम प्रधान और सचिव ने टोटल अपात्रों को पीएम आवास दिए जाने की शिकायत है। जिनके पास आलीशान पक्के मकान और ट्रैक्टर तथा बड़े काश्तकार हैं उन्हें दिए गए हैं। वर्तमान में भी जिन लोगों ने शिकायतें की है कि हम लोंगॉ को आवास नहीं मिला है। वे टोटल अपात्र और पक्के मकान वाले ही हैं। पारा ग्राम में भी इस तरह की शिकायत की पुष्टि पर सचिव को निलंबित किया जा चुका है। संसारपुर,और अल्हवा के ग्राम प्रधानों ने बताया है कि सचिव ने पात्रों के नाम काट कर अपात्रों को बिना प्रधान की सहमति के फर्जी पेपर्स के आधार पर आवास दिए हैं। पात्रों को आवास न दिए जाने की शिकायत खुद बीडीओ कोराव से ग्राम प्रधान अल्हवा ने की थी। एक आवास सिया दुलारी पाल का जब उसका आवास स्वीकृत हुआ तो उसने लोगों से कर्ज ले ले कर आवास बनाया। ग्राम अल्हवा के श्रीमती राजकुमारी पटेल और पवन कुमार ने भी शिकायत की है किन्तू वे लोग भी पक्के मकान वाले हैं। और अपात्र हैं।

लापरवाही

जांच अधिकारियों की रिपोर्ट पर कार्यवाही शुरू,एक सचिव निलंबित,दो इसके पूर्व हुए थे सस्पेंड

अल्हवा ग्राम में भी पूर्व प्रधान ने आलीशान पक्के मकान,ट्रैक्टर मालिकों, और बड़े काश्तकारों को दिए गए हैं

नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए शोएब अंसारी के अभेद किले को ढाना आसान नहीं!

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। नगर पंचायत मऊआइमा में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। हर प्रत्याशी अपनी जीत का गुणगान कर रहे हैं ।मगर सपा से लगातार हैट्रिक मार चुके शोएब अंसारी के अभेद किले को ढाना किसी के बूते से बस की बात नहीं है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में सपा से शोएब अंसारी, बसपा से अय्यूब अंसारी ,भाजपा से मोहम्मद आलम राजनीतिक दलों से उम्मीदवार हैं। शेष डमी के रूप में चुनाव में हैं। डमी महज एजेंट बनने के लिए उम्मीदवार बने हुए हैं। डमी अपना वोट न मांग कर भाजपा के लिए मतों की भीख मांग रहे हैं। जहां तक बसपा के अय्यूब अंसारी के चुनाव का प्रश्न है। वह कई बार चुनाव लडे परन्तु जीत से कोसों दूर रहे हैं। भाजपा से जहां तक मोहम्मद आलम का सवाल है वह पहली बार चुनावी अखाड़े में कूदें हैं। इसके पूर्व मऊआइमा के इतिहास में आज तक कमल नहीं खिल पाया है।चूंकि मुस्लिम बहुल्य इस नगर पंचायत क्षेत्र से आज तक मुस्लिम समुदाय के ही चेयरमैन रहे हैं। इस बार पहली बार भाजपा ने मुस्लिम चेहरे पर दांव खेला है। । युवा मतदाताओं के अनुसार वह कभी मोहम्मद आलम को नहीं देखें हैं। अब इस चुनाव में देख रहे हैं। हालांकि मोहम्मद आलम इसी कस्बे के मोहल्ला कजियाना कलां के निवासी हैं। एक व्यापारी होने के कारण कभी भी चुनाव में दिल चस्पी नहीं देखाए। जबकि वह हमेशा प्रत्याशियों के चुनाव में दूर से समर्थन दिए हैं। पहली बार चुनाव लडने के कारण नगर क्षेत्र के भौगौलिक स्थिति के बारे में अनजान हैं। उनहें पहले क्षेत्र के हर वार्डों के गली, कूचों को जानने फिर अपना परिचय देने में काफी देर हो सकती है?जहां तक सपा के शोएब अंसारी का सवाल है वह भी एक बहुत बडे व्यापारी हैं।एंव राजनीति के मंझे खिलाड़ी हैं। चुनाव जीतने के बाद भी रोजमर्रा नगर पंचायत का बाइकों से हर गली ,कूचों में समस्या सुनते मिल जाएगें। सफाई व्यवस्था में जिले में नम्बर दो पर लाने में श्रेय उन्ही को मिलता है। यही नहीं नगर पंचायत में जगह जगह सुलभ शौचालय, पार्क, जहां पानी नहीं पहुंच पाता समरसेबल के जलिए पानी मुहैया कराया , हर स्थान पर सोलर लाईटें ,हर खम्बे में मर्करी, पीएम आवास के तहत लगभग डेढ हजार मुफ्त आवास ,रिश्वतखोरी पर कर्मचारी को हटाना, गमी खुशी में शामिल होने के अलावा कोरोना काल में हर गरीबों के यहां खाधान्न आदि बहुत से श्रेय शोएब अंसारी को जाता है। उन्हें बच्चों के अलावा महिलाएंगे भी जानती हैं। बताते हैं कि शोएब अंसारी पांच साल चुनाव लडते हैं। चुनाव के समय अपने कामों के दम पर जीत लेते हैं? शोएब अंसारी को हराना किसी के बस की बात नहीं हैं? चूंकि लोग उन्हें गरीबों का मसीहा भी कहते हैं। बाइक से सुबह शाम पांच वर्षों तक नगर पंचायत की समस्याओं पर सोचते हैं जब तक काम नहीं होता सकून से नहीं बैठते। बहरहाल इस बार भाजपा से मोहम्मद आलम का चेहरा क्या गुल खिलाए?यह समय बताएगा। मुस्लिम समुदाय को कमल पसंद आता है कि अथवा हमेशा की तरह साइकिल दौडाता है। यह समय बताएगा।

अध्यक्ष पद का चुनावी पारा चढ चुका है हर प्रत्याशी पूर्व चुनावों की तरह अपनी बढत बता रहे हैं, हैट्रिक मार चुके सपा के शोएब अंसारी को हराना आसान नहीं है!

निवर्तमान चेयरमैन का चुनाव प्रचार तेज

सभी प्रत्यासीयों ने जन संपर्क किया तेज

कोरांव। प्रथम चरण के चार मई को होने वाले चेयरमैन और सभासद प्रत्यासियो चुनाव की तिथियां जैसे जैसे नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे प्रत्यासियों की धडकने तेज होने लगी है। एक तरफ जहाँ भाजपा के दूसरी बार बने उम्मीदवार नर सिंह कुमार केशरी उर्फ गोपाल सर्राफ के समर्थन मे विद्यायक राजमणि कोल ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल आदि भाजपा कार्यकर्ताओ का समर्थन मिलने लगा है और गली गली मोहल्ला कस्बा भाजपा प्रत्यासी के लिए कमल के निशान पर वोट मांगने की पैरवी करते देखे जा रहे है वही दूसरी ओर पूजा चतुवेर्दी के प्रचार मे मेजा विधायक संदीप पटेल ओर सपाइयो का जत्था साईकिल के बटन पर मोहर लगाने का प्रचार कर रहे है वही तीसरी ओर पूर्व चेयरमैन भाजपा के ही ओम केशरी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे चुनाव चिन्ह जीप के निशान पर वोट मागने के लिए उनके समर्थक पुरे बाजार मे तथा अवध नारायण तिवारी चुनाव चिन्ह अनार के चुनाव चिन्ह वोट मागने के लिए उनका भी पूरा हुजूम दिखाई दे रहा है। इसी तरह उपरोक्त उम्मीदवारों के अतिरिक्त अन्य प्रत्यासी भी चुनाव प्रचार अपने अपने चुनाव चिन्ह को लेकर करते देखते जा रहे है किन्तु वर्तमान हालात मे लड़ाई चतुरकोणी देखी जा रही है भाजपा के प्रत्याशी नर सिंह केशरी ओर चुनाव प्रचार की कमान सभालने वाले भाजपा विधायक कोरांव की बातो पर यदि गौर करे तो चुनाव मे भाजपा प्रत्यासी को ही जीत मिलेगी ऐसा दावा उनके समर्थको का है इसी तरह ओम केशरी ओर अवध नारायण तिवारी तथा पुष्पराज सिंह एवं रसीद भी अपनी अपनी जीत का दावा ठोक रहे है।

महिला ने साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटक किया सुसाइड

प्रयागराज। प्रयागराज के नैनी कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खुदकुशी की वजह घर में आए दिन होने वाला झगड़ा बताया जा रहा है। हालांकि परिजन मामले में ज्यादा नहीं बोल रहे हैं।भडरा उमरगंज मोहल्ला निवासी नूर मोहम्मद की 30 वर्षीर्या पत्नी फरीदा बेगम गुरुवार को घर में पंखे में दुपट्टे से फांसी पर लटक गईं। परिजनों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। मृतका का पति नूर मोहम्मद प्राइवेट काम करता है। उसके दस साल की एक बेटी है।पुलिस के मुताबिक परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता रहे है। जांच की जा रही है। उसके मायके वालों को भी सूचित कर दिया गया है। इंस्पेक्टर नैनी बृजेश सिंह का कहना है कि अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है, अगर कोई तहरीर आती है तो उसके अनुसार जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

भूमाफिया रिजवान का अवैध कब्जा किया गया ध्वस्त

हाईकोर्ट के आदेश के बाद उमरपुर गांव में पहुंची पुलिस फोर्स ने हटवाया कब्जा, ध्वस्त किया अवैध निर्माण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट के 48 घंटे में रिहायशी प्लाट से भू-माफिया रिजवान का अवैध कब्जा हटवाने के आदेश के बाद पुलिस उमरपुर नींवा पहुंच गई है। पीडीए के अधिकारियों ने इस दौरान बुलडोजर लगवाकर अवैध निर्माण ध्वस्त करा दिया। भारी संख्या में पुलिस फोर्स की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई में अवैध कब्जा भी कटवा दिया गया।

अवैध कब्जे को 48 घंटे में हटाने का निर्देश : कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि प्लॉट संख्या 410 रकबा 290 वर्गमीटर पर विपक्षी? द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। प्लॉट में सीमेंटेड रोड व लोहे का गेट भी बना लिया गया था। हाईकोर्ट ने अवैध कब्जे को 48 घंटे में हटाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा था कि जमीन कब्जाने की जांच कराकर कानूनी कार्रवाई करें। विपक्षी भूमाफिया हसन एखलाक उर्फ रिजवान अहमद व परिवार के खिलाफ गुंडई से याची की जमीन को हथिया लेंगे व जान से मारने की धमकी देने का आरोप है।

प्लॉट में बना दी थी सीमेंटेड सड़क : यह आदेश जस्टिस एसपी केशरवानी तथा जस्टिस अनीस कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने मोहम्मद जकी की याचिका को स्वीकार करते हुए बुधवार को दिया था। याची अधिवक्ता शशिभूषण मिश्र व आशीष कुमार मिश्र का कहना है कि याची ने रिहायशी प्लाट खरीदा है, जिसपर विपक्षी हसन ने जबरन कब्जा कर लिया और सड़क बनाकर गांव सभा की जमीन बेच रहा है। याची ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की किंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई। दुबारा शिकायत की तो एसडीएम से जांच रिपोर्ट मांगी गई। जिसमें दो स्वतंत्र गवाहों ने आरोपों की पुष्टि की। रिपोर्ट में कहा विवाद सिविल प्रकृति का है। सिविल वाद दायर करें।याची ने फिर आयुक्त से शिकायत की जिसपर राजस्व अधिकारियों, लेखपाल व धूमनगंज थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर व? उमरपुर नीवां चौकी इंचार्ज से जांच कराई गई। अपर सिटी मजिस्ट्रेट ने लोगों के बयान लेकर रिपोर्ट दी। कहा याचीविवादित प्लाट का स्वामी है। विपक्षी का कहना था याची की सहमति से सीमेंटेड सड़क बनाई है। जबकि कोर्ट ने कहा ऐसा कोई दस्तावेज नहीं है।विपक्षी ने जबरन कब्जा किया है, जिसे हटाया जाए।

घरेलू कलह से तंग आकर ट्रेन के सामने कूदी महिला

प्रयागराज। नगर कोतवाली क्षेत्र के निरंजन घाट पुल के पास बुधवार देर शाम ट्रेन के सामने कूदकर खुदकुशी करने वाली महिला की बृहस्पतिवार को पहचान हो गई। उसने घरेलू कलह से तंग आकर आत्महत्या की थी, लेकिन परिवार के लोग कुछ बोलने को तैयार नहीं है। परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की।निरंजन घाट पुल के पास बुधवार की शाम को एक लाल रंग की साड़ी पहनी महिला ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली थी। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने की कोशिश की। लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद आरिफ ने सोशल मीडिया के माध्यम से महिला की पहचान कराई।इसके बाद परिवार के लोग बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। महिला की पहचान मुन्नी देवी (66) पत्नी मोतीलाल यादव निवासी बादशाही मंडी, नगर कोतवाली, प्रयागराज के रूप में हुई। उसके बेटे अमन ने बताया कि उसके चार पुत्र और दो पुत्रियां हैं। बुधवार की दोपहर घर में बिना किसी को कुछ बताए वह निकल गई थीं। रास्ते में किसी ने टोका तो वह कह रही थीं कि गुटखा खरीदने जा रही हैं। जबकि कोतवाली पुलिस का कहना है कि घरेलू कलह से तंग आकर बुजुर्ग महिला ने सुसाइड कर लिया है।

दो महीने में तीन हजार पदों पर शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) अगले दो महीने में 3055 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। ये पद विभिन्न विभागों के हैं और आयोग मई व जून में इन सभी पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर देगा। इसके साथ ही आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।सिर्फ यही नहीं, यूपीपीएससी 31 मार्च 2023 तक 5103 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर चुका है और इन पदों पर चयन की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में आयोग एक वर्ष के दौरान कम से कम 8158 पदों पर भर्ती करने जा रहा है। जून के बाद कई अन्य विज्ञापन भी जारी होंगे, सो आने वाले दिनों में आयोग 10 हजार से अधिक बेरोजगारों को नौकरी देने जा रहा है।आयोग का पिछले वर्ष का प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा। एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक आयोग ने 13110 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया और इनमें 12236 पदों पर चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली। इनमें लिखित परीक्षाओं से होने वाली भर्तियों के साथ सीधी भर्तियां भी शामिल हैं। आयोग ने वर्ष 2022-23 के कैलेंडर में 21 परीक्षाओं को शामिल किया था और 22 परीक्षाएं करा लीं। यानी कैलेंडर से हटकर एक अतिरिक्त परीक्षा भी कराई। 22 में से 10 परीक्षाओं से जुड़ी भर्ती प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसके साथ ही आयोग ने एक वर्ष में 12655 अभ्यर्थियों के इंटरव्यू कराए। वहीं, विभिन्न विभागों में डीपीसी के माध्यम से 3668 के सापेक्ष 2438 अधिकारियों का प्रमोशन भी किया। अप्रैल से ओटीआर के बाद ही कर सकेंगे आवेदन। यूपीपीएससी ने एक अप्रैल के बाद जारी होने वाले विज्ञापनों के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) अनिवार्य कर दिया है। ऐसे में अगर कोई अभ्यर्थी किसी परीक्षा के लिए आवेदन करता है तो पहले उसे ओटीआर कराना पड़ेगा। अगर अभ्यर्थी ने ओटीआर नहीं कराया है तो ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भी नहीं खुलेगा। ओटीआर नंबर डालने पर ही आवेदन हो सकेगा। ओटीआर की व्यवस्था लागू होने के बाद अब तक 378632 अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं और इनमें से 192958 अभ्यर्थियों को ओटीआर नंबर जारी हुआ है। ओटीआर की कोई अंतिम तिथि नहीं है। यह प्रक्रिया अभी चलती रहेगी।

सेंट्रल एकेडमी का मनाया गया स्थापना दिवस, बच्चे हुए सम्मानित

अखंड भारत संदेश

हनुमानगंज। सेंट्रल एकेडमी सरायइनायत के स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को उद्घोष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डायरेक्टर एसके तिवारी, झूंसी शाखा के प्रधानाचार्य आनंद पाण्डेय, पैरेन्टस प्राइड की प्रधानाचार्या दीप्ति मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का आरंभ किया। सरायइनायत शाखा की प्रधानाचार्या ऋचा त्रिपाठी ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावको का स्वागत अभिनंदन किया। सर्वप्रथम बच्चो ने सरस्वती वन्दना, नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद अच्चुतं केशवं, ज्ञान की रोशनी, टाइनी टॉट्स, पर्यावरण पर माईम, ठुमरी, बूंद-बूंद आदि सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंत में प्रभु श्री राम और सीता जी के जीवन की एक भक्तिमय प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। डायरेक्टर एसके तिवारी ने शिक्षा का महत्व और अभिवावको को उनके कर्तव्यों के बारे में बताते हुए अपने विचारों से सबको परिचित कराया। इस अवसर पर होनहार बच्चों को शैक्षिक पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

अतीक के ऑफिस में मिला खून का धब्बा निकला शाहरुख का

पुलिस बोली- दफ्तर में सोने गया था, हाथ में सरिया लगने से निकला ब्लड

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद के चकिया स्थित दफ्तर में मिले खून के धब्बे शाहरुख के थे। खुल्दाबाद पुलिस ने शाहरुख को पकड़ा है। शाहरुख नशे की हालत में अतीक के दफ्तर गया था और सरिया लगने से घायल हो गया था। पुलिस के मुताबिक, शाहरुख चक निरातुल चकिया का रहने वाला है।शाहरुख नशे की हालत में अतीक के दफ्तर में घुस गया था। दूसरी मंजिल पर सोने जा रहा था, तभी उसके हाथ में सरिया लग गया। जिससे हाथ कट गया। काफी खून निकलने लगा। कमरे में उसे जो कपड़ा मिला, उससे खून पोंछकर उसे वहीं फेंक दिया।

नशा करने के बाद दफ्तर में सोने गया था : एसओ खुल्दाबाद ने बताया कि शाहरुख नशे का आदी है। उसे जहां जगह मिलती है, वहीं सो जाता है। रविवार को शाहरुख ने चौफटका पुल के नीचे नशा किया। इसके बाद वह अतीक के दफ्तर में सोने गया था। घायल होने के बाद वहां से निकल गया।

इलाज कराने गया था क्लीनिक : आस-पास के क्लीनिक और लोगों से पूछताछ करने पर शाहरुख को चोट लगने के बारे पता चला। चूंकि शाहरुख के हाथ में सरिया लगा था। इसलिए उसने क्लीनिक में इलाज कराया था। इसके बाद शाहरुख को खुल्हाबाद थानाक्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने खुद के वहां जाने के बारे में बताया।

अतीक के वकील खान सौलत की कोर्ट में पेशी

अखंड भारत संदेश

14 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर हुई सुनवाई, कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

प्रयागराज। उमेश पाल अपहरण केस में उम्रकैद की सजा काट रहे माफिया अतीक अहमद के वकील खान सौलत हनीफ की प्रयागराज के सीजेएम कोर्ट में आज पेशी हुई। कोर्ट में पुलिस रिमांड की अर्जी पर सुनवाई हुई। जज ने फैसला सुरक्षित रखा है। माना जा रहा है कि पुलिस को कस्टडी रिमांड मिल सकती है। प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 28 मार्च को माफिया अतीक अहमद, उसके वकील खान सौलत हनीफ, दिनेश पासी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अशरफ समेत 7 आरोपी सुबूतों के अभाव में बरी हो गए थे।

आखिर हनीफ को क्यों हुई उम्र कैद की सजा : प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट मैं इस बात के पुख्ता सुबूत थे कि उमेश पाल का अपहरण कर अतीक के चकिया स्थित कार्यालय में जब लाया गया था तो वकील खान सौलत हनीफ पहले से मौजूद थे। सौलत ने हलफनामे पर उमेश पाल से हस्ताक्षर करा लिए थे। इस कागज में अतीक अहमद के समर्थन में बयान लिखा हुआ था। इसके अलावा एक कागज भी दिया गया था, जिसमें चेतावनी दी थी कि वह कोर्ट में वही बयान दे जो कागज पर लिखा है। नहीं तो उसे मौत के घाट उतार दिया जाएगा। पुलिस की चार्जशीट में यह बात साफ लिखी हुई थी कि उमेश पाल के अपहरण केस की अतीक एडवोकेट खान सौलत हनीफ की पूरी जानकारी थी। इसी आधार पर प्रयागराज की विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट के जज डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ला ने खान सौलत हनीफ को भी अतीक अहमद और दिनेश पासी के साथ उम्र कैद की सजा सुनाई। इसके अलावा एक 100000 का जुर्माना भी लगाया था। प्रयागराज के रहने वाले खान सौलत हनीफ सीनियर एडवोकेट हैं और लंबे समय से आतीक से जुड़े मुकदमे देखते रहे हैं। उन्होंने कई मामलों में अतीक अहमद की पैरवी की है। सत्र न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक हनीफ ही अतीक अहमद के मुकदमे लड़ा करते थे। अतीक अहमद को तीन दशक तक कोई सजा नहीं हो सकी तो उसके पीछे कहीं न कहीं खान सौलत हनीफ की भी भूमिका महती रही है।

मेजा में विकास कार्यों में लापरवाही की खुल रही पोल!

मानक विहीन हो रहे काम, डीएम से की शिकायत, जांच कर कार्रवाई के आदेश



मेजा रोड। प्रयागराज के छतवा गांव में विकास के नाम पर लूट मची हुई है। नाली निर्माण से लेकर अन्य कार्यों में गुणवत्ता नहीं है। इस बात की शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता चटक लाल निषाद ने जिलाधिकारी से करते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को जांच कर जल्द ही आख्या प्रेषित करने का निर्देश दिया है।शिकायतकर्ता ने बताया कि वर्ष 2023 में जो भी कार्य कराए गए हैं, मानकविहीन हैं। नई ईंट की जगह पुराने ईंट का प्रयोग जगह-जगह किया गया है। पुराने ईंट को निकाल कर बिना नीलामी के ही बेच दिया गया। नीर निर्मल परियोजना के तहत प्रत्येक घर को स्वच्छ जल पहुंचाने की बात रही, लेकिन शासन की इस योजना का लाभ नहीं मिल सका है। प्रकाश के लिए लगाई गई स्ट्रीट लाइट सभी जगह नहीं लगाई गई। कुछ चहेतों तक सीमित रह गई है। अपात्रों को आवास का आवांटन किया गया है। आरोप है कि ब्लॉक के संबधित अधिकारी बिना सही जांच के अपनी रिपोर्ट लगा दे रहे हैं। इससे कार्यों में गुणवत्ता का अभाव है।गांव के अकाजू पुत्र जमुना प्रसाद ने भी जिलाधिकारी को दिए गए शपथ पत्र में शिकायत कर लिखा कि प्रधानमंत्री आवास के लिए मजदूरी का पैसा मांगने गया तो प्रधान ने उसे डांट कर भगा दिया। इस बारे में छतवा गांव रघुनंदन, सरोजा, कौशल सिंह सहित तमाम लोगों ने विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाया है। खण्ड विकास अधिकारी उरुवा दिनेश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। यदि ऐसी शिकायत मिलेगी, तो अवश्य जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

मोदी-योगी के नेतृत्व में ही महिलाओं का स्वाभिमान और उत्थान संभव : डा. कृतिका अग्रवाल

नगर पंचायत शंकरगढ़ में हुआ महिला सम्मेलन

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। भारतीय जनता पार्टी नगर पंचायत शंकरगढ़ में गुरुवार को महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। आर्यराम वाटिका में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमा वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन को बतौर चीफ गेस्ट महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डा. कृतिका अग्रवाल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज तभी आगे बढ़ सकता है, जब मां और बहनों को उचित सम्मान मिले। भाजपा की जबसे केंद्र में मोदी सरकार व राज्य में योगी सरकार बनी है, तबसे प्रदेश में महिलाओं का सम्मान व सुरक्षा सुनिश्चित हो पाई है। महिलाएं निडर होकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। भाजपा की सरकार निरंतर महिलाओं के उत्थान और विकास की योजनाओं को धरातल पर लागू कर रही है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता हो या हजारों-लाखों शौचालय निर्माण कराकर महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति दिलाई गई। डा. अग्रवाल ने कहा, उज्ज्वला योजना से महिलाओं के आंसू पोछने का कार्य भाजपा की सरकार ने किया। उन्होंने सरकार की योजनाओं की चर्चा करते हुए महिलाओं के विकास के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए कमल के फूल पर मतदान की अपील भी की। बैठक को ब्लाक प्रमुख शंकरगढ निर्मला देवी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सविता मिश्रा, जिला मंत्री कुसुम पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष वंदना सिंह आदि ने भी संबोधित किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के बारे में महिलाओं को बताया। अतिथियों का स्वागत नगर पंचायत प्रत्याशी अंजू देवी ने किया। संचालन जिला महामंत्री अधिवक्ता गीता सिंह ने किया। इस अवसर पर रीता केसरवानी, वैशाली केसरवानी, रंगीता केसरवानी, पूजा साहू, अनीता केसरवानी, मीरा केसरवानी, पूनम, शालिनी श्रीवास्तव, नगर पंचायत प्रभारी सुबोध सिंह, संयोजक राजेश्वरी तिवारी, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल, आईटी संयोजक सतीश विश्वकर्मा, भाजपा नेता रोहित केसरवानी मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

मेजा में बिजली विभाग की छापेमारी

वसूला 54 हजार रुपये बकाया बिल, तीन लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

मेजा रोड। प्रयागराज के मेजा डिवीजन के नेवढ़िया बिजली घर के कर्मचारियों ने बकाया बिजली बिल की वसूली एवं बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर छापेमारी की। इस दौरान 54 हजार रुपये वसूल किये। कई बकायेदारों के कनेक्शन काटते हुए तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया। यह अभियान बिजली विभाग के एमडी शम्भू कुमार के निर्देशन में शुरू किया गया।बता दें की मेजा डिविजनल क्षेत्र के नेवढ़िया उपकेंद्र के जेई अनुज अवस्थी ने बकायेदार सहित बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर गुरुवार को लक्षन चौकथा गांव में छापेमारी की। इस दौरान 18 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए और 3 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया।जिनके खिलाफ अभियोग दर्ज कराने के लिए विभाग की ओर से तहरीर दी गई है। जेई ने कहा अभियान के दौरान गांव के दो दर्जन से अधिक बकायेदारों से 54 हजार रुपये बिल वसूल किया गया। बिजली कर्मचारियों ने बकायेदारों को नसीहत देते हुए कहा है कि जिन उपभोक्ताओं के बिल बकाया हों, वह अबिलम्ब बिल का भुगतान कर दें। अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई के लिए बाध्य होगें। इस मौके पर रमेश पटेल और रविशंकर सहित तमाम बिजली कर्मी मौजूद रहे।

योगदान फाउंडेशन ने लगाया निशुल्क प्याऊ शिविर

मेजा रोड। भीषण गर्मी में लोगों का गला तर करने के लिए मेजा में योगदान फाउंडेशन की तरफ से निःशुल्क प्याऊ शिविर लगवाया गया। योगदान फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष सुनील मिश्रा का कार्यक्रम में भरपूर सहयोग रहा। गुरुवार को संस्था के डायरेक्टर अनूज तिवारी निवासी बिसहिजन कला अधियारी के द्वारा मेजा तहसील प्रांगण में अधिवक्ताओं तथा वादकारियों के लिए निशुल्क प्याऊ शिविर लगवाया गया।उमस भरी भीषण गर्मी में अधिवक्ताओं तथा वादकारियों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है।पानी की समस्या को देखते हुए योगदान फाउंडेशन ने लोगों का गला तर करने के लिए हाथ बढ़ाया है गुरुवार को निशुल्क प्याऊ का उद्घाटन मेजा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद प्रमुख प्रतिनिधि ने योगदान फाउंडेशन के फाउंडर चेयरमैन अनुज तिवारी की जमकर प्रशंसा किया उन्होंने की गर्मी के मौसम में यह पुनीत कार्य कराया गया है इसकी जितनी तारीफ किया जाय कम है। उद्घाटन के बाद संस्था के चेयरमैन अनुज तिवारी ने कहा कि यह शिविर पूरी गर्मी चलेगा क्षेत्र के अलग-अलग चौराहो पर जल्द ही यह व्यवस्था कराई जाएगी। इस अवसर पर तुलसी दास तिवारी, मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, डाक्टर अमरेश तिवारी, मुन्ना तिवारी,शमी शुक्ला, अमित मिश्रा सिलयारी, मुकेश तिवारी अजय शुक्ला,अनिल शुक्ला सुनील मिश्रा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

सुसाइड से पहले डिप्टी सीएमओ ने की थी लंबी बात

अखंड भारत संदेश

अनजान नंबर पर कौन था, कॉल हिस्ट्री से मिल रहे सुराग

प्रयागराज। डिप्टी सीएमओ डॉ. सुनील कुमार सिंह के सुसाइड की जांच जारी है। सिविल लाइन के होटल विठ्?ठल में सोमवार को डिप्टी सीएमओ की लाश फांसी के फंदे पर लटकती मिली थी। वहां से उनके दो मोबाइल भी पुलिस ने बरामद किए हैं। दोनों में पैटर्न लॉक लगे थे। जिसे पुलिस एक्सपर्ट की मदद से खोलने की कोशिश कर रही है। छानबीन में सामने आया कि घटना के दिन एक अज्ञात मोबाइल नंबर पर डॉ. सुनील सिंह की लंबी बातचीत हुई थी, लेकिन वह कौन है? ये पुलिस को नहीं पता चला है। हालांकि उस नंबर के बारे में पुलिस छानबीन कर रही है।

परिवार से नहीं था कोई विवाद

डिप्टी सीएमओ डॉ. सुनील सिंह वाराणसी जनपद के पांडेयपुर के रहने वाले थे। वह अगस्त 2022 में मीरजापुर से ट्रांसफर होकर प्रयागराज के सीएमओ ऑफिस आए थे। वह ज्यादातर अपने घर से आते-जाते रहते थे। लेकिन जब प्रयागराज में रूकना होता था तो वह विठ्?ठल होटल में ही ठहरते थे। शुक्रवार को वह सीएमओ आफिस में काम किए और फिर अपने घर चले गए थे। परिवार के लोग बताते हैं दोपहर 2 बजे वह घर से अपनी कार से प्रयागराज के लिए निकले थे। परिवार में उनका किसी से कोई विवाद नहीं था। वह विठ्ठल होटल के कमरा नंबर 106 में ठहरे थे। रात करीब 9:30 बजे कमरे से रिसेप्शन पर कॉल किया और मशरूम की सब्जी के साथ खाना आर्डर किया। वेटर खाना लेकर गया तो दरवाजा खोलकर उन्होंने खाना अंदर रखा लेकिन वह खाना खाए नहीं थे। अंदेशा है कि देर रात में उन्होंने सुसाइड किया।

पत्नी ने किया ड्राइवर को कॉल तो हुआ खुलासा : सोमवार की सुबह पत्नी डॉ. अल्का सिंह ने डॉ.सुनील को कॉल किया लेकिन उनका कॉल नहीं रीसिव हुआ। इसके बाद पत्नी ने डॉ. सुनील के ड्राइवर सतीश कुमार को फोन कर उनके बारे में जानकारी ली। ड्राइवर होटल के कमरे में जाकर खटखटाया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। होटल का स्टाफ भी पहुंचा। पुलिस भी मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़ा गया तो डॉ. सुनील का शव बेड शीट से बने फंदे से लटकता मिला। रात में जो खाना उन्होंने मंगाया था वह वैसे ही सुरक्षित वहीं टेबल पर पड़ा था।

सम्मानित की गई मुविवि की कुलपति

अखंड भारत संदेश

प्रोफेसर सीमा सिंह को इंटरनेशनल अवॉर्ड फॉर वूमेन आइकॉन- 2023 से नवाजा गया

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह को गुरुवार को स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी, मेरठ में इंटरनेशनल अवार्ड फॉर वुमन आइकॉन- 2023 से सम्मानित किया गया।प्रोफेसर सिंह को यह सम्मान आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन केन्द्र, स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी, मेरठ एवं काउंसिल फॉर एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन एंड मनेजमेंट भारत के संयुक्त तत्वावधान में फ्यूचरिस्टिक ट्रेंड्स टू एजुकेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट इन ग्लोबल सिनेरियो विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर प्रदान किया गया। विदित है कि प्रोफेसर सिंह शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं के शैक्षणिक उत्थान के लिए कई वर्षों से कार्य कर रही हैं। विगत दो वर्षों से उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति पद पर कार्य करते हुए प्रोफेसर सिंह ने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। नवाचारी व्यवहार तथा शोध एवं विकास के क्षेत्र में प्रोफेसर सिंह ने मुक्त विश्वविद्यालय को देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों की पंक्ति में खड़ा करने में सफलता हासिल की है। प्रोफेसर सिंह के प्रयासों से ही मुक्त विश्वविद्यालय में रेगुलर मोड में शोध कार्य प्रारंभ हो सका। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सिंह को मिले इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

प्रतापगढ़ संदेश

सई की कोख में समा गई परी व अभी, बच्चों के साथ नहाने गए थे दोनो मासूम

सप्ताह भर पहले मुंबई से आई थी गांव

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। परदेश से आई मासूम परी गांव के अभी के साथ सई नदी में नहाते-नहाते उसकी कोख में दोनो समा गई। बाहर बैठे कुछ बच्चो ने दोनो को डूबते देखा तो चिल्लाते हुए गांव की तरफ भागे।ग्रामीणों ने आकर नदी में छलांग लगा कर दोनो बच्चो को बाहर निकाला, लेकिन उससे पहले दोनो मासूमों की सांसे थम चुकी थी।

लीलापुर थाना क्षेत्र के ताला सरिस्ताबाद निवासी राजेश सिंह परिवार के साथ मुंबई में रहता है।लगभग दस दिन पूर्व वह गांव आया। उसकी बारह वर्षीय पुत्री सिद्धि (परी) गुरुवार को सुबह लगभग नौ बजे गांव के प्रियांशु,

परी व अभी (फाइल फोटो)।

शुभी व अभी (12) पुत्र सर्वजीत सिंह के साथ खेलते-खेलते घर से लगभग सौ मीटर दूर स्थिति सई नदी के किनारे पहुंच गई। अभी के साथ नदी में प्रवेश कर नहाने लगी।

उसे क्या पता नदी की गहरी का हाल,वह अभी के साथ गहरे पानी में डूबने लगी। बाहर बैठे प्रियांशु व शुभी ने दोनो को डूबते देखा तो चिल्लाने लगी, और गांव की तरफ दौड़ पड़ी। घटना के बाबत बच्चो ने ग्रामीणों को बताया। गांव के लोगो ने नदी में छलांग लगा कर दोनो मासूमों को

घर के बाहर रोते-बिलखते परी व अभी के परिजन।

परदेश से गांव खींच लाई मौत

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। मासूम परी की मौत परदेश से गांव खींच लाई। वहीं परिजन हाथ मलते की गांव न आए होते तो शायद उसकी परी के साथ ऐसा न होता। लेकिन इसी को तो संयोग और होनी कहते है।भला इस कौन टाल सकता है। परी को क्या पता की अब उसे मुंबई वापस नही आना है। गांव की मिट्टी में दफन हुई परी की सांसे अब एक कहानी बन के रह गई।

मासूमों की अरथी देख सब की नम हुई आंखे

लालगंज, प्रतापगढ़। एक गांव में जब दो मासूमों की एक साथ अरथी उठी तो चारो तरफ चीख ही चीख सुनाई देने लगी। पूरे गांव में मातम सा छा गया। गांव के लोग परिजनों को आखिर कैसे समझाते,जब खुद ही मासूमों की अरथी पर बेहाल थे। आस-पास गांव के लोग भी इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध दिखाई दिए।

बाहर निकाला,लेकिन उससे पहले दोनो की सांसे थम चुकी थी।परी के एक भाई व दो बहने थी व अभी के दो भाई और दो बहने थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया। वहीं घटना को लेकर परिवार के साथ ही पूरे गांव में कोहराम मच गया।

एमडीपीजी में चल रही परीक्षा में एक नकलची पकड़ी गई, छात्रा की उत्तर पुस्तिका हुई सील

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं एमडीपीजी कॉलेज सहित जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सुचारू रूप से चल रही हैं। एमडी पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में सघन तलाशी के दौरान कक्ष संख्या 5 में एक छात्रा को नकल करते पकड़ा गया।

महाविद्यालय के आंतरिक सचल दल ने प्रवेश पत्र पर नकल सामग्री लिखी बीएससी भाग तीन भौतिक विज्ञान की छात्रा को पकड़ा और उसकी उत्तर पुस्तिका को सील कर दिया। आज प्रथम पाली में बीए तृतीय वर्ष सोशियोलॉजी एवं बीएससी द्वितीय वर्ष बॉटनी एवं फिजिक्स की परीक्षा संपन्न हुई। द्वितीय पाली में बीकॉम तृतीय वर्ष की ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, बीएससी तृतीय वर्ष बॉटनी एवं फिजिक्स तथा बीए द्वितीय वर्ष सोशियोलॉजी की परीक्षाएं हुईं। एमडीपीजी कॉलेज के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि एमडीपीजी

परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में 197 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 192 ने परीक्षा दी और 5 अनुपस्थित रहे जबकि द्वितीय पाली में 244 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 240 ने परीक्षा दी और 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। महाविद्यालय के शिक्षक प्रो अरविंद मिश्र, प्रो प्रदीप कुमार सिंह, डॉ0 अभिषेक सिंह, डॉ बलराज मिश्र आदि लगातार परीक्षा की निगरानी करते रहे।

सम्मान समारोह में मौजूद मेधावीगण।

मेधावियों का समारोह में किया गया सम्मान

रामकृपाल मिश्र ई.मी. कालेज के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में रामकृपाल मिश्र ई.मी.कालेज के छात्र छात्राओं ने परचम लहराया है। विद्यालय द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सभी मेधावियों को सम्मानित किया गया।क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर स्थिति रामकृपाल मिश्र ई.मी.कालेज में गुरुवार को विद्यालय के सफल छात्र छात्राओं को आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने माल्यार्पण कर मुहं मीठा कर सम्मानित किया।हाई स्कूल मे राज पाण्डेय 92 प्रतिशत अकं पाकर विधालय के टापर बने, गौरव धुरिया 90 प्रतिशत, शिवा गुप्ता 88 प्रतिशत, अंशिका पाण्डेय 85 प्रतिशत, अनामिका धुरिया 86 प्रतिशत, काजल सरोज 81 प्रतिशत, विनीत सरोज 81 प्रतिशत, नन्दनी धुरिया 80 प्रतिशत, प्राची पाण्डेय 80 प्रतिशत, आंचल तिवारी 78 प्रतिशत पाकर विधालय का नाम रोशन किया। इस दौरान सफल छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिले हुए दिखे। छात्र-छात्राओं की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य इसे शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। इस अवसर पर विद्यालय के ध्रुवनारायण मिश्र, चतुर्भुज मिश्र, सुशील मिश्रा, किरण ओझा, शमशाद खान, राम प्रसाद वर्मा, संजू त्रिपाठी कुलदीप मिश्रा, राज त्रिपाठी, आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री का आगमन एक मई को

उतारे जा रहे खंभों में लगी होर्डिंग्स

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक मई को प्रतापगढ़ शहर में भाजपा प्रत्याषी हरिप्रताप सिंह व अन्य प्रत्याषियों के समर्थन में एक जनसभा करेंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री की सभा राजकीय इंटर कालेज के मैदान में होगी। मुख्यमंत्री के आगमन को लेक राजकीय इंटर कालेज में सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा शहर के खंभों में जो होर्डिंग्स दुबारा लगा दी गई है, उसे भी आज नगर पालिका ने उतार दिया। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि ईओ राम अचल कुरील के निर्देषन में आज उन खंभों से प्रचार की होर्डिंग्स हटाई गई। यह कार्यक्रम आगे भी चलता रहेगा।

खंभों से होर्डिंग उतारे नगर पालिका कर्मी।

प्रदेश की टापटेन सूची मे स्थान लाने वाले का हुआ सम्मान समारोह, गांव में खुशी की लहर

अखंड भारत संदेश

बाघराय, प्रतापगढ़। प्रकाशित यादव उर्फ परीक्षित ने प्रदेश की टापटेन सूची में दसवां स्थान प्राप्त करके गांव ही नही जिले का नाम रोशन किया है। अच्छी शिक्षा प्राप्त करके प्रकाशित यादव अधिकारी बनें यही शुभकामना है।

यह बातें बाघराय के लोसनापुर गांव में आयोजित सम्मान समारोह मे प्रकाशित को सम्मानित करते हुए प्रधान मंलावा छजईपुर सिद्धनाथ यादव ने कही उन्होंने प्रतिभाशाली छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मौजूद कुंवर पब्लिक स्कूल लोसनापुर के प्रधानाध्यापक अजय यादव ने अपने विद्यालय के छात्र रहे प्रकाशित यादव को सम्मानित करते हुए कहा कि प्रदेश की टापटेन सूची में दसवां स्थान

प्रकाशित यादव को सम्मानित करते ग्रामीण।

प्राप्त कर क्षेत्र, समाज, विद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक अयोध्या प्रसाद यादव के पौत्र की इस सफलता पर गांव में सभी खुश है। पिता सत्यप्रकाश मां शिवकली ने इस सफलता का श्रेय अपने पुत्र की कड़ी मेहनत व कड़ा अनुशासन सफल पठन पाठन करना बताया है। स्वागत से अभिभूत प्रकाशित यादव ने कहा कि इस सफलता का श्रेय बाबा अयोध्या प्रसाद पिता सत्य प्रकाश व मां शिवकली व सभी गुरुजनों को देते हुए कहा कि आज सभी छात्र कड़ी मेहनत लक्ष्य बनाकर करे तो सफलता निश्चित मिलेगी। कभी निराश न हों सफलता अवश्य मिलेगी। इस मौके पर द्वारिका प्रसाद, तुलसीराम, संतोष, फौजी, सुभाषचंद्र मनोज, कुलदीप मोहित, राजेश उदयराज बेनीमाधव कुसुमादेवी कृष्णा सुशीला शिवकली गीता आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक अयोध्या प्रसाद व संचालन बेनी माधव ने किया।

निकाय चुनावों की समस्या के लिये कन्ट्रोल रुम नम्बर स्थापित

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने बताया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला मुख्यालय पर जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका नम्बर 05342-220431 एवं 7390015088 है। उन्होने कहा है कि किसी को भी नगरीय निकाय चुनावों से सम्बन्धित शिकायत या समस्या हो तो कन्ट्रोल रूम नम्बरों पर फोन करके अपनी समस्या और शिकायत दर्ज करा सकते हैं जिसका निस्तारण त्वरित गति से किया जायेगा।

भाजपा जीत के प्रति आश्वस्त, विपक्षी चला रहे तीर

नुक्कड़ सभा में बोलते भाजपा प्रत्याशी हरिप्रताप सिंह।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। लगातार छठीं बार जीत की कोषिष करते 25 वर्षों से नगर पालिकाध्यक्ष की सेवा करने वाले हरिप्रताप सिंह को इस बार रिकार्ड मतों से जीत का भरोसा है। उन्होंने कहा कि मैंने हमेषा विकास के विष्वास को कायम करता रहा। इसी वजह से शहर की जनता का प्यार व दुलार उन्हें मिला रहा। पल्टन बाजार की एक नुक्कड़ सभा में हरिप्रताप सिंह ने कहा कि दूसरे नम्बर की एक दूसरे से लोग लड़ाई लड़ रहे हैं। इस बार सभी सभासदों की भी रिकार्ड मतों से जीत होगी। वैसे अब चुनाव को मात्र एक सप्ताह बचे हैं। ऐसे में सभी दल व निर्दलीय चुनाव प्रचार तेज कर दिये हैं। विपक्षी दलों में सपा प्रत्याषी संतोष यादव को अपने ही पार्टी का अन्तिर्वरोध झेलना पड़ रहा है। सपा की महिला नेत्री महिमा गुप्ता भी चुनाव लड़ रही हैं। जबकि कांग्रेस ज्योति कुमार तिवारी व बसपा प्रत्याषी सादिक अली के अलावा भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष वरुण प्रताप सिंह, ट्रक आपरेटर्स यूनियन के अध्यक्ष विजय सिंह निर्दलीय प्रत्याषी के रुप में ताल ठोंक रहे हैं। विरोधियों का कहना है कि इस बार बदलाव होगा। जबकि भाजपा अध्यक्ष व सभासद जीत के लिये आष्वस्त दिखाई पड़ रहे हैं। नगर पालिका में क्या छठीं बार फिर हरिप्रताप सिंह का झण्डा बुलंद होगा या जीत का सेहरा किसी और के सिर बंधेगा, यह तो 13 मई को पता चलेगा लेकिन इस समय चुनाव प्रचार ने रफ्तार पकड़ ली है। सुबह से शाम तक प्रत्याषी घर-घर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा प्रत्याशी लोगों के घरों में अपना-अपना पम्पलेट भेजवा रहे हैं।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अब 21 मई को

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने बताया है कि माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के आदेशानुसार 13 मई 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत अब 21 मई 2023 दिन रविवार को पूर्वान्ह 10 बजे से जनपद मुख्यालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर आयोजित की जायेगी। नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर तिथि परिवर्तन का निर्णय लिया गया है।

उन्होने बताया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। उन्होने वादकारियों से कहा है कि अपने सम्बन्धित न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठाये।

चाय की दुकान पर युवक को पड़ोसी ने मारी गोली, रेफर

लीलापुर के घरौरा की है घटना,जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। गुरुवार को घर से लालगंज जा रहे युवक को पड़ोसी ने गांव से कुछ ही दूर पर एक चाय दुकान पर गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक जमीन पर गिर गया। दुकानदार ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन के साथ पुलिस भी मौके पर आ धमकी। पुलिस ने घायल को लालगंज ट्रामा सेंटर ले गई, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात नाजुक देखते हुए जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया।

लीलापुर थाना क्षेत्र के घरौरा निवासी अशोक वर्मा (26) पुत्र श्री राम अपने बड़े भाई राजेश व गांव के अरविंद वर्मा के साथ तीनो एक बाइक से घर से निकले थे। तीनों गांव से लगभग पांच सौ मीटर दूर स्थिति एक चाय की दुकान पर खड़े हो गए। अशोक ने अरविंद से राजेश को अजगरा छोड़ने के लिए भेज दिया। अशोक अरविंद के वापस लौटने का इंतजार कर रहा था। उसके बाद वह लालगंज जाने के लिए तैयार था। इतने में वह कुछ समझ पता कि इससे पहले ही गांव के समराजीत वर्मा ने आकर उसके ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगा। हल्ला गुहार मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। दुकानदार ने घटना की जानकारी राजेश को दी। राजेश के साथ ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायल अशोक पुलिस लालगंज ट्रामा सेंटर ले गई। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। वहां पहुंचने के बाद प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना पर एसपी, एएसपी समेत सीओ भी मौके पर पहुंच गए। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएं थी। एहतियातन गांव में पुलिस की तैनाती भी देखी गई। पुलिस का कहना है की आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है, जल्द ही उसकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।वही पीड़ित की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

कांग्रेस प्रत्याशी मजबूती से लड़ रहे चुनावः डा0 लालजी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ में जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद से अध्यक्ष पद प्रत्याशी ज्योति कुमार तिवारी, पल्टन बाजार वार्ड से सभासद पद के कांग्रेस प्रत्याशी सुशील कुमार त्रिपाठी एवं दहिलामऊ दक्षिणी से सभासद पद के कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शुक्ल ने संयुक्त रूप से प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि वार्ड के मतदाताओं का समर्थन अगर मुझे मिलता है तो वार्ड के विकास हेतु तन मन धन से कार्य करूंगा और वार्ड को आदर्श वार्ड बनाने की पूरी कोशिश करूंगा और कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही विकास की पहचान रही है हम वह पहचान खोने नहीं देंगे और वार्ड वासियों की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने कहा कि प्रतापगढ़ नगर पालिका परिषद व जनपद की सभी नगर पंचायतों में कांग्रेस प्रत्याशी मजबूती से निकाय चुनाव लड़ रहे हैं और अपेक्षा के अनुरूप परिणाम मिलेगा। इस मौके पर नगर अध्यक्ष इरफान अली, डॉ नीरज त्रिपाठी सदस्य पीसीसी, कपिल द्विवेदी सदस्य पीसीसी, डॉ वी के सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, मोहम्मद बिलाल सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

सुदामा के चरित्र व राजा परीक्षित मोक्ष का हुआ सुंदर वर्णन

आलापुर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकाकर के जे आई सी इंटर कालेज आलापुर के पास सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का समापन श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा ब्यास आचार्य कृष्ण जी महराज ने सातवे दिन गुरुवार को सुदामा के चरित्र व राजा परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ समापन किया।

महराज परीक्षित की कथा का सुंदर वर्णन करते हुए ब्यास जी ने बताया कि राजा परीक्षित शिकार खेलने गये तो उनको बड़े जोरो की प्यास लगी कुछ दूर पर ऋषि मुनि समाधि पर बैठे थे राजा ने अपनी प्यास बुझाने के लिए जल की प्राथर्ना किया ऋषि मुनि अपनी समाधि मे लीन थे उनको कुछ मालूम नही जिस पर राजा परीक्षित गुस्सा होकर चले गये कुछ दूर पर जमीन पर एक मरा सर्प पड़ा हुआ था राजा परीक्षित को पानी नही मिला तो पहले से गुस्सा थे जमीन पर मरे पड़े सर्प को ऋषि के गले मे लटका दिया जब ऋषि के पुत्र को राजा के इस अपराध का पता चला तो ऋषि के पुत्र ने राजा परीक्षित को श्राप दिया कि मेरे पिता के गले मे मरे हुए सर्प को टांगने वाले राजा परीक्षित सातवे दिन तुमको तक्षक सांप काट लेगा पुत्र के श्राप देने के बाद जैसे ही ऋषि की समाधि टूटी तो सब जानकारी हुई तो अपने पुत्र को डाटा तुमने महाप्रतापी राजा परीक्षित को ऐसा श्राप क्यो दे दिया तुमको ऐसा नही करना था। श्रीमद भागवत कथा के मुख्य यजमान देवी प्रसाद जायसवाल व धर्म पत्नी सुशीला देबी रही ।श्रीमद भागवत कथा के समापन पर शुक्रवार को हवन एव पूर्ण आहुति के साथ ब्राह्मण भोजन का आयोजन किया गया है शनिवार को कच्चा व रविवार को महा प्रसाद के साथ बिरादरी भोज का आयोजन किया गया है कार्यक्रम की देख रेख रवि जायसवाल, श्रवंण कुमार जायसवाल, रीता जायसवाल, मीनू जायसवाल, शिव कुमार जायसवाल, अनीता जायसवाल, केदारनाथ जायसवाल, सोनाली जायसवाल, राजाराम जायसवाल, आशीष जायसवाल, आशुतोष, अमन, अभिषेक अजय, नन्दनी, वैभव, गौरी आदि मौजूद रहे।

दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जनपद के थाना कन्धई के उ0नि0 मृत्युन्जय पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अ0सं0 268/90 धारा 147, 323, 324 भादवि. थाना कन्धई से सम्बन्धित दो वारण्टी अभियुक्त भंडारी गुप्ता पुत्र रामकिशुन व नन्हे उर्फ शिवकुमार गुप्ता पुत्र केदाररनाथ गुप्ता नि0गण अन्तपुर थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण हेतु दिव्यांगजन अब आनलाईन करें आवेदन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने दिव्यांगजनां को सूचित किया है कि विगत वित्तीय वर्षों में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण से लाभान्वित होने हेतु जिला कार्यालय में ऑफलाईन आवेदन पत्र प्राप्त किया जा रहा था किन्तु अब कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत पारदर्शिता बरतने के उद्देश्य से पात्र आवेदकों हेतु समस्त मांग प्रक्रिया आनलाईन कर दिया गया है। उन्होने बताया है कि योजनान्तर्गत पात्र दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राईसाईकिल, बैशाखी, व्हीलचेयर, कान की मशीन, अन्ध छड़ी, वाकर, छड़ी सी0पी0 चेयर आदि संगम अभिलेखों यथा आधार कार्ड, तहसील द्वारा निर्गत गरीबी की रेखा से नीचे का आय प्रमाण पत्र, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत यूडीआईडी कार्ड आदि के साथ किसी भी सहज जन सेवा केन्द्र आदि पर विभागीय वेबसाइट पर नियमानुसार आनलाईन आवेदन करायें। कराये गये आनलाईन आवेदन पत्र की स्वप्रमाणित प्रिन्ट आउट (समस्त संलग्नकों सहित) निर्धारित समय के अन्दर विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ के कक्ष संख्या-25 में जमा करें। आवेदन करने के उपरान्त विभागीय बजट प्राप्त होने तथा उपकरण की उपलब्धता के अनुसार वितरण की सूचना सम्बन्धित को प्रदान की जायेगी।

खबर संक्षेप

दहेज हत्या के अभियुक्त को 08 वर्ष 06 माह सश्रम कारावास की सजा

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर अंतर्गत 30.10.2014 को वादिनी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरी पुत्री को आरोपी द्वारा दहेज न देने के कारण जला कर मार दिया गया इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त दुर्गा प्रसाद पुत्र विद्या प्रसाद निवासी चक सैदनपुर थाना मंझनपुर को न्यायालय एडीजे एफटीसी-01 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी परखी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 08 वर्ष 06 माह सश्रम कारावास तथा 16 हजार रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 09 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त मो0 समीम उर्फ गुड्डू पुत्र अब्दुल मजीद निवासी दफ्तरी मोहल्ला कड़ा थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

संवेदनशील मतदेय स्थलों एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर विशेष सतर्कता बरती जाय : मण्डलायुक्त

अखंड भारत संदेश

अवैध शराब एवं कच्ची शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाय : पुलिस महानिरीक्षक

मण्डलायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के साथ की बैठक

कौशाम्बी। मण्डलायुक्त प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज विजय विश्वास पन्त एवं पुलिस महानिरीक्षक चन्द्र प्रकाश द्वारा उदयन सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने अब तक की गयी तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गये दायित्वों को निष्पक्षता एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ सम्पादित करें। सम्वेदनशील मतदेय स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाय। इसके साथ ही मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाय, जिससे मतदाता भयमुक्त होकर मतदान कर सकें। निर्वाचन के दौरान कन्ट्रोल रूम और सक्रियतापूर्वक कार्य करें तथा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थलों पर आवश्यकतानुसार बैरीकेटिंग एवं पेजयल सहित आदि व्यवस्थायें सुनिश्चित रखी जायं। उन्होंने कहा कि मतदान एवं मतगणना स्थलों पर भी सभी आवश्यक सुविधायें सुनिश्चित किया जायं। सम्वेदनशील एवं अति सम्वेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जाय। मतगतणना स्थल पर बैरीकेटिंग एवं मतगतणना टेबल आदि व्यवस्था समय से सुनिश्चित कर लिया जाय। पुलिस महानिरीक्षक ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों से कहा कि नगर निकाय निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवश्कतानुसार निरोधात्मक/पाबन्द की कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। आदर्श आचार-संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय, यदि किसी के द्वारा आचार-संहिता का उल्लघन किया जाता है तो उसके विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति निर्वाचन में गड़बड़ी करने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब एवं कच्ची शराब के विरूद्ध और तेजी से सक्रियतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने एफ0एस0टी0 एवं एस0एस0टी0 टीमों को भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाय। उन्होंने कहा कि जनपद की सीमा पर विशेष निगरानी रखी जाय तथा और अधिक फूट पेट्रोलिंग किया जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार ने मण्डलायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक को अब तक की गयी तैयारियों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन निष्पक्ष, सकुशल एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया जायेंगा। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मण्डलायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक को अब तक की गयी तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि निरोधात्मक/पाबन्द की कार्यवाही की जा रही है। सम्वेदनशील एवं अति सम्वेदनशील मतदेय स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जायेंगी। फूट पेट्रोलिंग किया जा रहा है तथा आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सहित आदि कार्यवाही की जा रहीं हैं।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मतदान कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

03 अनुपस्थित मतदान कार्मिकों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी के नेतृत्व में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आज एम0वी0 कॉन्वेन्ट स्कूल एण्ड कॉलेज, ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। मतदान कार्मिकों को 02 पालियों-प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली-अपरान्ह 02 बजे से 04 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली में 56 पोलिंग पार्टियों के कुल 224 मतदान कार्मिकों एवं द्वितीय पाली में 56 पार्टियों के कुल 224 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना था, जिसमें द्वितीय पाली में कुल 03 मतदान कार्मिक यथा-सहायक अध्यापिका रीतु विश्वकर्मा, सहायक अध्यापिका शिवाजी इण्टर कॉलेज रचना एवं प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार अनुपस्थित पाये गये, जिस पर मुख्य विकास धिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

सार्वजनिक व सरकारी संपत्तियों से हटाए गए बैनर पोस्टर

कौशाम्बी। अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ मंझनपुर ने करारी थाना का भ्रमण किया सार्वजनिक व सरकारी सम्पत्तियों पर प्रत्याशियों के पोस्टर देख कर पुलिस अधिकारी भड़क गए और थाना प्रभारी को फटकार लगाई सार्वजनिक और सरकारी संपत्तियों से पोस्टर बैनर हटवाने के पुलिस अधिकारियों ने आदेश दिए आनन फानन में कस्बा इंचार्ज बिपलेश सिंह ने सार्वजनिक वा सरकारी संपत्ति से बैनर पोस्टर हटवाया बैंक, ट्रांसफार्मर, स्कूल व धार्मिक स्थलों पर नगर निकाय चुनाव के नगर पंचायत करारी के अध्यक्ष और सभासद प्रत्याशी द्वारा सार्वजनिक और सरकारी संपत्तियों पर बैनर पोस्टर लगाया गया है सार्वजनिक और निजी संपत्तियों पर प्रत्याशियों को पोस्टर लगाना भारी पड़ सकता है प्रत्याशियों पर पुलिस कार्यवाही कर सकती है।

9 निर्मित 1 अर्ध निर्मित तमंचा के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने किया तमंचा फैक्ट्री का खुलासा

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। सैनी कोतवाली पुलिस ने इलाके में छापा मारकर 9 निर्मित तमंचा और 1 अर्ध निर्मित तमंचा बरामद कर मौके से तमंचा बनाने के उपकरण के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है पकड़े गए अभियुक्त कोखराज थाना के निवासी है और दूसरे थाना क्षेत्र में लंबे समय से तमंचा फैक्ट्री का संचालन कर रहे थे पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी कर अदालत में पेश कर दिया है। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि थाना सैनी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कुरामुरीदनपुर ईंट भट्ठा के पास अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री चल रही है। इस सूचना पर थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा ग्राम कुरामुरीदनपुर में बताये गये स्थान पर दबिश दी गयी जहां से दो अभियुक्तों बरकत अली पुत्र रज्जब अली निवासी वार्ड न0 17 भरवारी थाना कोखराज व राम गोपाल उर्फ नाते पुत्र शिवलाल निवासी मुहम्मदपुर असवां थाना कोखराज को गिरफ्तार कर गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 09 अदद पूर्ण निर्मित असलहा, 01 अदद अर्ध निर्मित असलहा 03 अदद जिन्दा व 02 अदद खोखा कारतूस तथा शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद कर गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

आईटीबीपी जवानों के साथ सैनी कोतवाल ने अझुवा बाजार में किया फुटमार्च

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न कराने के लिए अतिरिक्त पुलिस फोर्स की जिले में तैनाती की गई है आईटीबीपी जवानों के साथ सैनी कोतवाल ने नगर पंचायत अझुवा में पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें किसी प्रकार का उपद्रव बर्दाश्त नहीं किया कोतवाल ने आम जनमानस से अपील की है कि वह शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग करें। नगर निकाय चुनाव संदर्भित शासन ने कमर कस रखी है किसी भी तरह की अप्रिय घटनाओं से निपटने हेतु पुलिस प्रशासन सक्रिय दिख रहा है आज गुरुवार सैनी कोतवाल सुभाष चन्द्र चौरसिया ने आईटीबीपी जवानों के साथ नगर पंचायत अझुवा की गलियों फुट मार्च किया है फुटमार्च भोला चौराहा से शायरी माता तिराहा होते हुए सब्जी मंडी गल्ला मंडी किराना गली राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए चौकी प्रांगड़ में प्रवेश किया है कोतवाल ने कहा आचार संहिता का अक्षरशःपालन कराया जाएगा।

पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

कौशाम्बी थाना कौशाम्बी अंतर्गत 04.11.2019 को वदिनी द्वारा अपने 06 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म की सूचना दी गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त विरेन्द्र निषाद पुत्र रज्जन निषाद निवासी गढ़वा मजरा कोसम इनाम थाना कौशाम्बी को न्यायालय एडीजे 09 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20 वर्ष सश्रम कारावास तथा 20 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थ दण्ड न अदा करने पर 06 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त नथई पुत्र जागेवर सोनकर निवासी जुबरा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त हरिवन्द्र तिवारी पुत्र जंग बहादुर निवासी बिसारा थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

बोर्ड परीक्षा के इंटर्नल में नंबर कम मिले तो घट गई हाई स्कूल के बच्चों की मैरिट

प्रिंसिपल पी आई सी ने कहा कि जांच का विषय है बोर्ड की तरफ से गलती हुई है या कहीं और से चूक हुई, स्कूल ने 28,29,30 अंको की लिस्ट भेजी थी, प्रिंसिपल ने मीडिया को इंटर्नल नम्बर की वो लिस्ट दिखाई जो उन्होंने बोर्ड को भेजी थीं, लिस्ट में किसी का नंबर 10 या 11 नही है

कौशाम्बी। मनौरी के पब्लिक इंटर कालेज में पढ़ने वाले हाईस्कूल के छात्र छात्राओं को प्रयोगात्मक परीक्षा अर्थात इंटर्नल में अपेक्षा के हिसाब से कम नंबर मिला है।इस कारण छात्रों की मेरिट भी कम हो गई। इसको लेकर परीक्षा परिणाम आने के बाद बुधवार को नाराज छात्रों ने कालेज में पहुंच कर प्रधानाचार्य के सामने यह बात बताई।नाराजगी जाहिर करते हुए छात्रों ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा में उन्हें जहां 25 से लेकर 30 नंबर तक नंबर मिलने चाहिए वहीं उन्हें दस ग्यारह नंबर ही दिए गए है। कालेज में पहुंचे दिवांशु,अंकुश, प्रशांत, आशुतोष,अर्पित, निखिल कुमार आदि छात्रों ने बताया कि जब तीन महीने पहले जब उनका कालेज में प्रेक्टिकल हुआ था तब सब कुछ बढ़िया था। लिखित परीक्षा के दौरान भी सभी पेपर ठीक से हुए थे। अच्छे रिजल्ट में सकी छात्रों ने अपने को मेरिट के आने की संभावना जाहिर किया था। लेकिन 25 अप्रैल मंगलवार को जारी हुए परिणाम में उनको प्रयोगात्मक परीक्षा में प्रत्येक विषय में मात्र दस ग्यारह नंबर ही दिए गए हैं। यह स्थिति कालेज के अधिकांश सभी छात्रों की है जिनको मात्र दस दस नंबर ही मिले हैं।छात्रों का कहना है कि लिखित परीक्षा में सभी सभी विषयों ने अच्छे नंबर है। लेकिन प्रेक्टिकल में कम नंबर मिलने से वह मेरिट में आने से वंचित हो गए। यदि यही नंबर पच्चीस से अधिक मिलते तो मेरिट सूची में उनका नाम होता। छात्रों में प्रधानाध्यापक से मांग किया कि प्रेक्टिकल में मिले कम नंबरों का संशोधन करा कर उनका नंबर बढ़ाया जाए। प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह ने मीडिया से रूबरू होते हुऐ बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा के दौरान सभी छात्रों का प्रदर्शन बढ़िया रहा है।अच्छे नंबरों की सूची उन्होंने बोर्ड को भेजी थी। परिणाम तैयार करते समय बोर्ड की ओर से त्रुटि हुई है। या कहीं अन्य जगह से त्रुटि हुई है जांच का विषय है इसको लेकर रिपोर्ट विभाग को भेजी जाएगी और संशोधन कराकर छात्रों के कम नंबर को बढ़ाया जाएगा प्रिंसिपल ने कहा कि स्कूल अपने सभी बच्चो के साथ है, किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। उन्होंने मीडिया को इंटर्नल नम्बर की वो लिस्ट दिखाई जो उन्होंने बोर्ड को भेजी थीं, लिस्ट में किसी का नंबर 10 या 11 नही है।

माननीय की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशी की मतदाताओं ने की जमकर छीछालेदार

दबंग अपराधिक छवि के नेता को नगर पंचायत चरवा से अध्यक्ष का टिकट दिए जाने का खामियाजा भुगत रही है भाजपा

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं के तानाशाह पूर्ण निर्णय का खामियाजा भारतीय जनता पार्टी के नेताओ को भुगतना पड़ रहा है नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी दीपक पांडे के चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को अपमान महसूस करना पड़ रहा है भाजपा प्रत्याशी के कारनामों के चलते गुरुवार को फिर पार्टी प्रत्याशी के साथ गए एक माननीय को जमकर छीछालेदर का सामना करना पड़ा है चचाओं पर जाएं तो प्रत्याशी से खींझ खाए मतदाताओं ने माननीय को गांव नहीं घुसने दिया है मतदाताओं के सामने माननीय चिरौरी विनती करते रहे लेकिन मतदाता मानने को तैयार नहीं थे माननीय की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशी को मतदाताओं ने जमकर खरी-खोटी सुनाते हुए भला बुरा कहकर गांव घुसने से रोक दिया है जिसकी इलाके में जन-जन के बीच चर्चा हो रही है भाजपा प्रत्याशी की छीछालेदर के बाद अन्य प्रत्याशी जश्न मना रहे है। नगर पंचायत चरवा के पिपरी मड़हाई सुंदर नगर गयादीन पटेल नगर वार्ड नंबर 8 के लोगों का आरोप है कि पूर्व में जब दीपक पांडेय ग्राम प्रधान हुआ करते थे तब यहां के लोग किसी मामले में ग्राम प्रधान दीपक पांडे के पास गए थे उस पुरवा के एक ब्यक्ति को प्रधान दीपक पांडेय के गुर्गों ने जमकर मारा पीटा था दीपक पांडेय की जब तक प्रधानी थी वह मजरा बिकास से उपेक्षित रहा ग्राम प्रधान के कार्यकाल में दीपक पांडे प्रधान ने मजरा का विकास नहीं किया जिससे ग्रामीण दीपक पांडे से नाराज रहते हैं और समय मिलने पर उन्हें सबक सिखाना चाहते हैं आज मतदाताओं को सबक मिल गया और जमकर भाजपा प्रत्याशी दीपक पांडे की छीछालेदर करते हुए खरी-खोटी सुनाई। तत्कालीन ग्राम प्रधान के गुर्गों द्वारा पूर्व में मारपीट किए जाने के मामले को लेकर गांव के लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला है नगर पंचायत चरवा में अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी दीपक पांडेय को भाजपा के माननीय के साथ देखकर ग्रामीण आग बबूला हो गए और जमकर छीछालेदर करते हुए जमकर खरी-खोटी सुनाते हुए गांव में घुसने नहीं दिया है हालांकि अपनी सफाई में वह घटना से इंकार कर रहे हैं।

29 अप्रैल को चरवा चौराहे पर सपा प्रत्यासी के समर्थन में इंद्रजीत सरोज करेंगे जनसभा

चरवा कौशाम्बी। नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी के आला कमान अखिलेश यादव के अपील पर आगामी 29 अप्रैल को नगर पंचायत चरवा में समाजवादी पार्टी के बड़े नेताओं का महासम्मेलन होने जा रहा है। जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज, विधायक पूजा पाल, मानसिंह यादव (स्नातक एमएलसी) इलाहाबाद-झाँसी खण्ड और डकैत ददुआ के सुपुत्र पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल व अन्य ज़िम्मेदार नेतागण सिरकत करेंगे। पहली नगर पंचायत बनने पर चरवा से समाजवादी पार्टी की तरफ से प्रत्याशी राम सरन निर्मल हैं। जिनके वोट व सपोर्ट के लिए समाजवादी पार्टी के नेताओं व आम जनमानस व समर्थकों का सहयोग बना हुआ है। नगर पंचायत चरवा में अवाम का झुकाव समाजवादी पार्टी की तरफ बनता नजर आ रहा है। जिससे सपा के जीत के कयास लगाए जा रहे हैं। 29 अप्रैल को समाजवादी महासम्मेलन पार्टी को और मजबूत व सशक्त करेगा।

नगर पालिका चुनाव में अन्य प्रत्याशियों पर भारी पड़ रही है भाजपा प्रत्याशी

कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी के चुनाव में अन्य प्रत्याशियों पर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कविता पासी भारी पड़ रही है सभी समाज का उन्हें समर्थन मिल रहा है कस्बे के लोगों ने कहा कि कविता पासी को नगर पालिका परिषद भरवारी का अध्यक्ष बनाना है वैसे तो निकाय चुनाव में सभी दलों के प्रत्याशी अपने अपने गोट को सेट करने में लगे हैं इन सब से अलग हटकर के नगर पालिका भरवारी निवासी पूर्व विधायक की बहू भाजपा प्रत्याशी कविता पासी के समर्थन में सभी समाज जी जान से जुटता नजर आ रहा है पूर्व विधायक का सरल स्वभाव और मृदुभाषी का लाभ भी उनकी बहू भाजपा प्रत्याशी कविता पासी उठा रही हैं नगर पालिका भरवारी में दलित, पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के बैश्य मतदाता भारी संख्या में है। ऐसे में माना जा रहा है की यह सभी समाज इस बार फिर भारतीय जनता पार्टी के खेमे में वोट देने जा रहा है जिसका सीधा फायदा भाजपा प्रत्याशी कविता पासी को मिल सकता है। इससे साफ जाहिर है कि जहां जहां दलित समाज व्यापारी बैश्य समाज भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है वही पटेल समाज भी इस बार भारी संख्या में भाजपा के समर्थन में दिखाई देने लगा है जिससे भाजपा प्रत्याशी कविता पासी की जीत की राह आसान दिखाई पड़ रही भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद केसरवानी में एक विशेष मुलाकात में कहा है कि पार्टी ने जिसे प्रत्याशी बनाया है उसका समर्थन किया जाएगा और नगर पालिका परिषद का अध्यक्ष उसे बनाया जाएगा उन्होंने कहा कि पूरी भारतीय जनता पार्टी नगर पालिका परिषद भरवारी की भाजपा प्रत्याशी कविता पासी के साथ है।

सपा प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व कबीना मंत्री करेंगे जनसभा

कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुनीता सरोज के समर्थन में रसूलपुर गिरसा चौराहे पर पूर्व काबीना मंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज चुनावी जनसभा को 29 अप्रैल 2023 को दोपहर बाद 3:00 बजे संबोधित करेंगे इस दौरान चायल विधायक पूजा पाल और सिराथू विधायक पल्लवी पटेल जनसभा में मौजूद रहेंगी उक्त जानकारी पूर्व नगर अध्यक्ष कैलाश केसरवानी ने दी है उन्होंने लोगों से जनसभा में शामिल होने की अपील की है।

न्यूज झरोखा

शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य करे सुनिश्चित : एडीएम

कौशाम्बी। अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय द्वारा उदयन सभागार में आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने आईजी आरएस एवं सीएम हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि 30 अप्रैल तक सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाय, कोई शिकायत लम्बित न रहने पाये। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में समय व गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये इस अवसर पर सभी उपजिलाधिकारीगण, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं ई-डीएम कीर्त कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

सिकंदरपुर आईमा खिलाड़ी टीम घोषित हुई विजयी

बेनीराम कटरा कौशाम्बी। चायल तहसील के सिकन्दर पुर आइमा गांव में बालीबाल खेल का आयोजन किया है जहां खिलाड़ियों का जमघट लगा वॉलीबॉल के खेल का आयोजन ग्राम प्रधान आशीष कुमार द्वारा आयोजित किया गया था ग्राम सभा सिकंदरपुर आईमा और सिटी बगिया के बीच वॉलीबॉल का फाइनल मैच खेला गया वॉलीबॉल के फाइनल मैच में सिकंदरपुर आईमा विजेता टीम घोषित हुई वालीबाल खेल जीतने वालों में खिलाड़ी अमित यादव आर्यन यादव अनूप यादव सुमित रंजन यादव योगेंद यादव पवन यादव अजीत यादव शुभम यादव लालू प्रसाद यादव शामिल रहे विजई खिलाड़ियों को माल्यार्पण कर शील्ड देकर ग्राम प्रधान ने उनका हौसला अफजाई किया है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है

अझुवा चौकी इंचार्ज ने प्रत्याशियों की बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

अझुवा कौशाम्बी। नगर निकाय चुनाव आदर्श चुनाव संहिता का कड़ाई से पालन हेतु अझुवा चौकी इंचार्ज अभिषेक गुप्ता ने पुलिस चौकी प्रांगड़ में अध्यक्ष एवम सभासद प्रत्याशियों की एक आवश्यक बैठक की इस बैठक में चौकी इंचार्ज ने क्रमवार महत्वपूर्ण सुझाव और दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा सार्वजनिक स्थलों,धार्मिक स्थलों में कोई भी प्रत्याशी अपना पोस्टर नही चिपकायेगा हर हाल में आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करेगा मोटरसाइकिल जुलूस में सीमा से अधिक लोग सवारी नही करेंगे,जबरिया किसी के घर प्रतिष्ठान में पोस्टर नही लगाएंगे,हाइवे को किसी तरह बाधित नही करेंगे,कोई अवैध कार्य करता है उसकी सिफारिश नही करेंगे रैली ,जुलूस बिना परमिशन के कोई प्रत्याशी नही निकलेगा किसी प्रत्याशी ने आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया तो सम्बंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी,इस अवसर पर प्रमुख पार्टी भाजपा,सपा,बसपा के प्रतिनिधि सहित निर्दलीय प्रत्याशियों के प्रतिनिधि एवम अधिकतर सभासद प्रत्याशी मौजूद रहे।

सेफ्टी टैंक में गिरी भैस निकाला गया बाहर

भरवारी कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत कस्बा के एन डी कॉलोनी मेहता रोड निवासी राजेन्द्र कुमार पांडेय अधिवक्ता की भैंस घर के सामने बंधी थी तभी कुत्तों ने भौंकना शुरू किए उसी वक्त भैंस उछल कर सेफ्टी टैंक में गिर गई जिससे अफरातफरी मच गई इसी बीच वकील के पुत्र हार्दिक पांडेय जो की यू के जी का छात्र है वह अपनी भैंस के प्रति काफी बेचैन गया तभी उसने सभी के सामने लोगो से कहा कि अंकल मेरी भैंस को बचा लो वरना मैं स्कूल नही जाऊंगा इस बीच लोगो के बीच बच्चे का मार्मिक शब्द सुन लोग भी भावुक हो गए भैंस के पेट में पांच माह का बच्चा भी है मामले की जानकारी पुलिस से लेकर अग्निशमन दल को दी गई मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल के सिपाहियों ने जेसीबी मशीन के द्वारा सेफ्टी टैंक से भैंस को बाहर निकाला भैंस बाहर निकलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लगी रही।

शराब के साथ सात अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 121 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तो के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है। जानकारी के मुताबिक थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शिव सिंह पाल पुत्र शिवबरन पाल निवासी ककरालीपर थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 17 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गुड्डू पुत्र देव नारायण सिंह निवासी थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद किया गया है। इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सूरज पुत्र सरजू प्रसाद निवासी जहांगीराबाद थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 14 लीटर अवैध शराब बरामद किया गया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुकरू लाल सरोज पुत्र स्व0 मिर्चा प्रसाद निवासी बमरौली थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 40 लीटर अवैध शराब व दुर्गा प्रसाद पुत्र स्व0 चौबे लाल निवासी कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद हुआ है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बनवारी लाल पुत्र बच्चा सोनकर निवासी पुनवारा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद हुआ। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त जुगराज सिंह पुत्र नन्द किशोर निवासी भेलखा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद हुआ सभी अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है।

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते सात अभियुक्त गिरफ्तार : थाना पश्चिम शरीरा द्वारा तीन अभियुक्तो राम भरोसे सिंह पुत्र राम नारायण सिंह निवासी फताहीपुर थाना पश्चिम शरीरा रहमत अली पुत्र मो० अली निवासी बैशकाटी थाना करारी शाहिद मंसूरी पुत्र नजीर अहमद निवासी फैजीपुर थाना पश्चिम शरीरा व राजेन्द्र कुमार पुत्र सूरजबली निवासी फताहीपुर रोशनलाल पुत्र हंसराज उमा शंकर पुत्र मोहन लाल निवगण फजीपुर थाना पश्चिम शरीरा व प्रमोद कुमार पुत्र घसीटे निवासी बैशकाटी थाना करारी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पते व 1150 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 270 रुपए बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

बाल अपचारी पर पुलिस ने की विधिक कार्यवाही

कौशाम्बी। थाना चरवा पुलिस बल द्वारा रात्रि गस्त/वाहन चेकिंग के दौरान बाल अपचारी को नया तालाब मुस्कान चौराहा से चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल के साथ पकड़ कर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर आसपास के जनपदों से मोटरसाइकिल के बारे में जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि उक्त मोटर साइकिल थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित है। बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेज दिया है।

चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात ।पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 92 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

निरोधात्मक कार्यवाही में 11 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा से एक थाना पिपरी से पांच थाना संदीपनघाट से एक थाना कोखराज से एक थाना सैनी से दो थाना कड़ाधाम से एक कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

जन संपादकीय

विलुप्त हो रही भाषाओं का संरक्षण बहुत जरूरी!

भाषाओं की विलुप्ति, भाषाओं का खत्म होना या यूं कहें कि किसी भाषा विशेष की हानि हमेशा न केवल किसी देश की विरासत के लिए बल्कि पूरे मानव इतिहास के लिए एक बहुत बड़ी सांस्कृतिक क्षति या नुकसान होती है। भारत में लंबे समय तक(लगभग 200 सालों तक) औपनिवेशिक शासन रहा है। यही कारण है कि यहां के कानून, यहाँ के पाठ्यक्रम, यहां के शासन-प्रशासन पर अंग्रेजी के प्रभाव से भारतीय भाषाओं की स्वीकृति अपेक्षाकृत कम हुई। आज वैश्वीकरण के कारण विश्व के कई देशों से व्यापार तथा अन्य गतिविधियों के फलस्वररूप भारतीय लगातार नई भाषाएं (जर्मन ,फ्रेंच)सीख रहे हैं जिससे स्थानीय भाषाओं के प्रति उनका रुझान कम हो रहा है। हाल ही में एक शोध में यह बात सामने आई है कि दुनिया में आज आधी भाषाएं खतरे में हैं। कारण है कि आज हमारे बच्चे, हमारी युवा पीढ़ी अपनी मूल भाषा को नहीं सीखती। आधुनिकता के, पाश्चात्य संस्कृति के रंग में रंगकर हम अपने आपको अपनी संस्कृति, सभ्यता, भाषा से लगातार दूर करते चले जा रहे हैं। भाषाएं हमारी अभिव्यक्ति का बड़ा ही सशक्त माध्यम होतीं हैं और ये शब्द मात्र तक सीमित नहीं होती हैं। कोई व्यक्ति यदि भाषा के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति देता है तो वह अपनी पहचान, अपनी संस्कृति, अपने परिवेश, अपने ज्ञान, अपनी आत्मा,अपने इतिहास, अपनी परंपराओं के बारे में हमें रूबरू करवाता है। आज के युग में भाषाओं की विलुप्ति का कारण कहीं न कहीं ग्लोब्लाइजेशन भी है । ग्लोब्लाइजेशन यानी वैश्वीकरण के इस दौर में पूरी दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति बेहतर से बेहतरीन होने तथा बेहतर से बेहतरीन पाने की कोशिश में लगा हुआ है और शायद यही कारण भी है कि वह बहुत सी अहम चीजों को भी आज लगातार विस्मृत करता चला जा रहा है। भाषा भी उन अहम चीजों में से एक है ।आज विश्व की अनेक भाषाओं का तेजी से नष्ट होना बेहद चिंताजनक है। यदि यही स्थितियां बनी रहीं तो "कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर वाणी" की कहावत मात्र हमारी किताबों तक सिमट कर रह जायेगी ।विशेषज्ञों का मानना ??है कि जब कोई भाषा मर जाती है, तो आसपास की ज्ञान प्रणाली भी मर जाती है और विलुप्त हो जाती है। वैसे,भाषाओं को बाहरी ताकतों जैसे सैन्य, आर्थिक, धार्मिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षिक अधीनता, या आंतरिक ताकतों जैसे किसी समुदाय की अपनी भाषा के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण से भी कहीं न कहीं खतरा होता है। आज के समय में, अंग्रेजी और अन्य प्रमुख भाषाएं ज्ञान और रोजगार की भाषा के साथ-साथ इंटरनेट की प्राथमिक भाषा भी बन गई हैं। डिजिटल क्षेत्र की प्रमुख सामग्री अब अधिकतर अंग्रेजी भाषा में ही उपलब्ध है, और इसलिए, अन्य भाषाओं को हाशिए पर डाल दिया गया है ।कोई भी भाषा हमारी दैनिक सत्यता, दैनिक चर्याओं को सारगर्भित अर्थ देती है। आज जनजातीय भाषाओं का संवर्द्धन व संरक्षण बहुत जरूरी है। भाषाओं का अस्तित्व व प्रसार तभी संभव है जब हम जनजातीय भाषाओं, हमारे आसपास की विभिन्न भाषाओं, देशज भाषाओं का संवर्धन, संरक्षण करेंगे। भाषाओं का संवर्द्धन, संरक्षण वास्तव में तभी संभव हो सकता है जब हम अधिक से अधिक अपनी भाषा में बातचीत करेंगे। अधिकाधिक साहित्य लिखेंगे। वास्तव में, भाषाओं को जिंदा रखने के लिए हमें एक दूसरे समुदाय की भाषाओं के शब्दों को लेकिन आपस में विचार- विमर्श करना चाहिए। शब्दों को, साहित्य को, शब्दों के अर्थ आदि को जानने समझने का प्रयास करना चाहिए। इससे शब्दकोश तैयार हो सकते हैं, हमारे शब्द भंडार मजबूत हो सकते हैं। आज बोलियों की लिपि तैयार करने की दिशा में भी प्रयास किए जाने चाहिए, बोली की लिपि होगी तभी वह भाषा बनेगी। जब किसी बोली की लिपि तैयार हो जाती है तो वह भाषा बन जाती है। वैसे, बोली का साहित्य नहीं है तो वह भाषा नहीं हो सकती, ऐसी बात भी नहीं है। कहीं न कहीं वह भी एक भाषा ही है। सबसे बड़ी बात यह है कि हम आपसी संप्रेषण,बातचीत को हर हाल में कायम रखें। बहरहाल, यहाँ जानकारी देना चाहूंगा कि आज दुनिया की 2,400 भाषाओं पर एक शोध से इस बात का खुलासा हुआ है कि आधी भाषाएं आज गंभीर खतरे में हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि दुनियाभर में इस समय 7,000 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। कुछ भाषाओं को बोलने वालों की तादाद लाखों- करोड़ों में हैं, जबकि कुछ भाषाएं आज सैकड़ों लोग ही बोलते हैं। भाषा अगर प्रचलन में नहीं होती है तो वह धीरे धीरे विलुप्त होने की कगार पर पहुंच जाती है और एक दिन ऐसा आता है कि वह समाप्त ही हो जाती है। शोधकर्ता बताते हैं कि भाषा विलुप्त होने से मानवों का अपने पूर्वजों व पारंपरिक ज्ञान से संबंध टूट जाता है। भाषाविद् भाषाई विविधता के आधार पर ही लोगों का इतिहास, विकास क्रम बताते हैं। भाषाएं खत्म होने का सबसे बड़ा कारण यह है कि बच्चों को इसे नहीं सिखाया जा रहा है। वास्तव में कोई भी भाषा यदि खत्म होती है तो भाषा के साथ ही वहाँ की संस्कृति व ज्ञान का भी लोप हो जाता है, जिसकी भरपाई कभी भी नहीं की जा सकती है। किसी भी भाषा का लुप्त होना या खत्म होना अपने आप में एक बड़ी भयंकर त्रासदी इसलिए है क्यों कि भाषा के साथ ही उस स्थान विशेष की संस्कृति, ज्ञान का भी नामोनिशान मिट जाता है। भाषा से ही किसी स्थान की संस्कृति जिंदा रहती है। उपनिवेशवाद और वैश्वीकरण(ग्लोबलाइजेशन) के कारण दुनिया की कई स्वदेशी भाषाओं को संकट का सामना करना पड़ रहा है। भाषाएं विलुप्त होने से स्वदेशी समुदायों के बारे में जानने का रास्ता भी बंद हो जाता है। यहाँ जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2022 से 2032 को संयुक्त राष्ट्र ने स्वदेशी भाषाओं का दशक घोषित किया है। वास्तव में, प्रत्येक भाषा का अपना इतिहास, परंपरा और सोचने का तरीका होता है। किसी भाषा का प्रयोग जनसंख्या के किसी भू-भाग द्वारा न करने पर वह लुप्त हो जाती है और आज भाषाओं का लगातार लुप्त होना एक बड़ी चिंता का विषय है। चिंता का विषय इसलिए क्यों कि भाषा मरती है तो उस भाषा का संपूर्ण गौरव, उस भाषा विशेष में संरक्षित संपूर्ण पारंपरिक ज्ञान, संस्कृति सब कुछ नष्ट या दफ्न हो जाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2010-20 के बीच ग्रेट अंडमानी परिवार की तीन भाषाएं- खोरा, बो और सारे दम तोड़ चुकी हैं। जेरू भाषा भी आज विलुप्ति की कगार पर है। ग्रेट अंडमानी भाषाओं की तरह ही भारत और दुनिया की हजारों भाषाओं पर विलुप्ति की तलवार लटक रही है। अगर हम युनेस्को द्वारा जारी ह्लएटलस ऑफ वर्ल्ड लैंग्वेज इन डैंजरह्व को देखें तो पाएंगे कि 1950 से अब तक दुनियाभर में 230 भाषाएं विलुप्त हो गई हैं। यूनेस्को ने 2001 में पहली बार जब एटलस जारी किया था, तब 900 भाषाओं पर विलुप्ति का खतरा पाया था, लेकिन 2017 में अद्यतन किया गया एटलस बताता है कि ऐसी भाषाओं की संख्या 2,464 तक पहुंच गई। सबसे डरावनी बात यह है कि इनमें भारतीय भाषाओं की संख्या सबसे अधिक है। गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार 42 भाषाएं व बोलियां विलुप्ति के कगार पर हैं ।भारत में 22 अधिसूचित तथा 100 गैर-अधिसूचित भाषाएं हैं जिन्हें एक लाख या इससे अधिक लोग बोलते हैं। यह बहुत ही गंभीर व संवेदनशील है कि आज इन बयालीस भाषाओं व बोलियों को बोलने वाले, प्रयोग में लाने वाले कुछेक लोग ही बचे हैं। जानकारी मिलती है कि संकटग्रस्त भाषाओं में 11 अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की हैं। इनके क्रमशः ग्रेट अंडमानीज, जरावा, लामोंगजी, लुरो, मियोत, ओंगे, पु, सनेन्यो, सेंतिलीज, शोम्पेन और तकाहनयिलांग शामिल हैं। मणिपुर की सात संकटग्रस्त भाषाएं एमोल, अक्का, कोइरेन, लामगैंग, लैंगरोंग, पुरुम और तराओ इस सूची में शामिल की गई हैं। हिमाचल प्रदेश की चार भाषाएं- बघाती, हंदुरी, पंगवाली और सिरमौदी भी खतरे में हैं ।ओडिशा की मंडा, परजी और पेंगो भाषाएं संकटग्रस्त भाषाओं की सूची में शामिल किया गया हैं ।कर्नाटक की कोरागा और कुरुबा जबकि आंध्र प्रदेश की गडाबा और नैकी विलुप्त होने के कगार पर हैं। तमिलनाडु की कोटा और टोडा भाषाएं विलुप्तप्राय हो चुकी हैं। असम की नोरा और ताई रोंग भी खतरे में हैं।

बढ़ती आबादी: वरदान भी, मुसीबत भी

योगेश कुमार गोयल

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट के मुताबिक भारत अब चीन को पछाड़ कर दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। यूएनएफपीए की इस रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में भारत की जनसंख्या में करीब डेढ़ प्रतिशत की वृद्धि हुई है और भारत की आबादी अब चीन की कुल 142.5 करोड़ आबादी की तुलना में 142.8 करोड़ हो गई है। दुनिया की कुल आबादी अब 8.045 अरब हो चुकी है और विश्व की कुल जनसंख्या में चीन की हिस्सेदारी 1.425 अरब जबकि भारत की 1.428 अरब है और दुनिया की एक तिहाई आबादी केवल भारत और चीन इन दो देशों में ही है। कुछ महीने पहले ही यूएन द्वारा जारी किए गए वैश्विक आंकड़ों के अनुसार दुनिया की कुल आबादी 8 अरब के आंकड़े को पार कर गई थी और तभी यह अनुमान लगाया गया था कि सर्वाधिक आबादी वाले देश के मामले में भारत 2023 तक चीन को पछाड़ देगा। दुनिया की आबादी 8 अरब होने पर यूएनएफपीए ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा था, 8 अरब उम्मीदें, 8 अरब स्वप्न और 8 अरब संभावनाएं। यूएनएफपीए के मुताबिक दुनिया की आबादी सात से आठ अरब होने में केवल 12 वर्ष का समय लगा जबकि दुनिया की आबादी को 1 से 2 अरब होने में 100 साल से भी ज्यादा लगे थे। हालांकि दुनिया की आबादी तेजी से बढ़ने को संयुक्त राष्ट्र मानवता की उपलब्धियों के प्रमाण के रूप में देख रहा है और यह सही भी है कि इसमें सबसे बड़ा योगदान शिक्षा तक पहुंच का विस्तार, स्वास्थ्य देखभाल में प्रगति, लैंगिक असमानता में कमी इत्यादि कारकों का है लेकिन भारत जैसे विकासशील देशों के लिए बढ़ती आबादी के खतरे भी कम नहीं हैं। विश्व की कुल आबादी में से करीब 18 फीसदी लोग अब भारत में रहते हैं और दुनिया के हर 6 नागरिकों में से एक से ज्यादा भारतीय है। अगर भारत में जनसंख्या की सघनता का स्वरूप देखें तो जहां 1991 में देश में जनसंख्या की सघनता 77 व्यक्ति प्रति

वर्ग किलोमीटर थी, 1991 में बढ़कर वह 267 और 2011 में 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो गई।

हालांकि भारत के दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बनने को अपार संभावनाओं के साथ जोड़कर देखा जा रहा है लेकिन संभावनाओं के साथ-साथ बढ़ती आबादी की चुनौतियां ज्यादा हैं। भारत में बढ़ती आबादी के बढ़ते खतरों को इसी से बखूबी समझा जा सकता है कि दुनिया की कुल आबादी का करीब छठा हिस्सा विश्व के महज ढाई फीसदी भूभाग पर ही रहने को अभिशप्त है। जाहिर है कि किसी भी देश की जनसंख्या तेज गति से बढ़ेगी तो वहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव भी उसी के अनुरूप बढ़ता जाएगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो आज दुनियाभर में करीब एक अरब लोग भुखमरी के शिकार हैं और अगर वैश्विक आबादी बढ़ती रही तो भुखमरी की समस्या बहुत बड़ी वैश्विक समस्या बन जाएगी, जिससे निपटना इतना आसान नहीं होगा। बढ़ती आबादी के कारण ही दुनियाभर में तेल, प्राकृतिक गैसों, कोयला इत्यादि ऊर्जा के संसाधनों पर दबाव अत्यधिक बढ़ गया है, जो भविष्य के लिए बड़े खतरे का संकेत है। जिस अनुपात में भारत में आबादी बढ़ रही है, उस अनुपात में उसके लिए भोजन, पानी, स्वास्थ्य, चिकित्सा इत्यादि सुविधाओं की व्यवस्था करना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है। इस समय भारत की आबादी दुनिया में सर्वाधिक 1.428 अरब है और उसके बाद चीन की आबादी 1.425 अरब है। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि 2050 तक भारत की आबादी 1.668 अरब हो जाएगी जबकि चीन की आबादी उस समय 1.317 अरब रहने का अनुमान है। हालांकि हम इस बात पर थोड़ा संतोष व्यक्त कर सकते हैं कि जनसंख्या वृद्धि दर के वर्तमान आंकड़ों की देश की आजादी के बाद के शुरूआती दो दशकों से तुलना करें तो 1970 के दशक से जनसंख्या वृद्धि दर में निरन्तर गिरावट दर्ज की गई है लेकिन यह गिरावट दर काफी धीमी रही है। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या वृद्धि की गति धीमी हुई है। वर्ष 1971-81 के मध्य वार्षिक वृद्धि दर 2.5 प्रतिशत थी, जो 2011-16 में घटकर 1.3 प्रतिशत रह गई। जनसंख्या वृद्धि की रफ्तार को नियंत्रित रखने के लिए औसत प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और कुछ समय पूर्व राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला था कि देश में यह दर 2.2 से घटकर 2 हो गई है तथा राहत की बात यह भी है कि मुस्लिम समुदाय में भी औसत प्रजनन दर तेज गिरावट के साथ 2.36 हो गई है। पिछले कुछ दशकों

> विगत दशकों में यातायात, चिकित्सा, आवास इत्यादि सुविधाओं में व्यापक सुधार हुए हैं लेकिन तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ये सभी सुविधाएं भी बहुत कम पड़ रही हैं। जनसंख्या वृद्धि की वर्तमान स्थिति की भयावहता के मद्देनजर पर्यावरण विशेषज्ञों की इस चेतावनी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि यदि जनसंख्या वृद्धि की रफ्तार में अपेक्षित कमी लाने में सफलता नहीं मिली तो निकट भविष्य में एक दिन ऐसा आएगा, जब रहने के लिए धरती कम पड़ जाएगी और बढ़ती आबादी जरूरी संसाधनों को निगल जाएगी

में देश में शिक्षा और स्वास्थ्य के स्तर में निरंतर सुधार हुआ है, उसी का असर माना जा सकता है कि धीरे-धीरे जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आई है लेकिन यह इतनी भी नहीं है, जिस पर जश्न मनाया जा सके।

बेरोजगारी और गरीबी ऐसी समस्याएं हैं, जिनके कारण भ्रष्टाचार, चोरी, अनैतिकता, अराजकता और आतंकवाद जैसे अपराध पनपते हैं और जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण किए बिना इन समस्याओं का समाधान संभव नहीं है।

विगत दशकों में यातायात, चिकित्सा, आवास इत्यादि सुविधाओं में व्यापक सुधार हुए हैं लेकिन तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ये सभी सुविधाएं भी बहुत कम पड़ रही हैं। जनसंख्या वृद्धि की वर्तमान स्थिति की भयावहता के मद्देनजर पर्यावरण विशेषज्ञों की इस चेतावनी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि यदि जनसंख्या वृद्धि की रफ्तार में अपेक्षित कमी लाने में सफलता नहीं मिली तो निकट भविष्य में एक दिन ऐसा आएगा, जब रहने के लिए धरती कम पड़ जाएगी और बढ़ती आबादी जरूरी संसाधनों को निगल जाएगी। विश्वभर में अभी भी डेढ़ अरब से ज्यादा लोग ढलानों पर, दलदल के करीब, जंगलों में तथा ज्वालामुखी के क्षेत्रों जैसी खतरनाक जगहों पर रह रहे हैं। बढ़ती आबादी का सर्वाधिक चिंतनीय पहलू यह है कि इसका सीधा प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है। विश्व विकास रिपोर्ट के अनुसार प्राकृतिक संसाधनों से जितनी भी आमदनी हो रही है, वह किसी भी तरह पूरी नहीं पड़ रही, दशकों से यही स्थिति बनी है और इसे लाख प्रयासों के बावजूद सुधारा नहीं जा पा रहा। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक सन् 2050 तक विश्व की दो तिहाई आबादी नगरों में रहने लगेगी और तब ऊर्जा, पानी तथा आवास की मांग और बढ़ेगी जबकि बहुत से पर्यावरणविदों का मानना है कि सन् 2025 तक ही विश्व की एक तिहाई आबादी समुद्रों के तटीय इलाकों में रहने को विवश हो जाएगी और इतनी जगह भी नहीं बचेगी कि लोग सुरक्षित भूमि पर घर बना सकें। इससे तटीय वातावरण तो प्रदूषित होगा ही, पर्यावरण का संतुलन भी बिगड़ जाएगा। बहरहाल, भारत में जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण पाने के लिए हमें कुछ कठोर और कारगर कदम उठाते हुए ठोस जनसंख्या नियंत्रण नीति पर अमल करने हेतु कृतसंकल्प होना होगा ताकि कम से कम हमारी भावी पीढ़ियां तो जनसंख्या विस्फोट के विनाशकारी दुष्परिणामों भुगतने से बच सकें।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

कैसी है हमारी व्यावसायिक सुरक्षा और क्या है स्वास्थ्य खतरे?

डॉ सत्यवान सौरभ

> एनेस्थेसियोलॉजिस्ट के कार्यस्थल की पर्याप्तता में एर्गोनॉमिक रूप से डफको अपनाना शामिल है। एनेस्थेटिक मशीन, ऑपरेटिंग टेबल, साइड टेबल और मॉनिटर सभी को एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की ऊंचाई पर सेट किया जाना चाहिए। रासायनिक खतरे ऐसे जोखिम हैं जो कार्यस्थल में रसायनों के संपर्क में आने से उत्पन्न हो सकते हैं। पीड़ितों को तत्काल या दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों का अनुभव हो सकता है। सैकड़ों खतरनाक पदार्थों में प्रतिरक्षा एजेंट, त्वचाविज्ञान एजेंट, कैंसरजन, न्यूरोटॉक्सिन और प्रजनन जहर शामिल हैं। खतरनाक यौगिकों में अस्थमा, सेंसिटाइजर और प्रणालीगत जहर शामिल हैं। जोखिम की मनोसामाजिक प्रकृति-मनोसामाजिक खतरे कार्यस्थल के जोखिम हैं जिनका कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। ये खतरे अन्य लोगों के साथ टीम की स्थिति में कार्य करने की उनकी क्षमता को सीमित करते हैं। जिस तरह से काम बनाया गया, संरचित और प्रबंधित किया गया वह मनोसामाजिक खतरों से जुड़ा हुआ है

क्या आप व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य को समझने के इच्छुक हैं? यदि हाँ, तो व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा सार्वजनिक स्वास्थ्य की एक शाखा है जो कार्यस्थल की बीमारियों और चोटों के रुझानों की जांच करती है और रोकथाम के तरीकों और कानूनों की सिफारिश करती है और उन्हें लागू करती है। व्यावसायिक खतरों के सबसे प्रचलित प्रकारों में ऊँचाई, बिजली के खतरे, सुरक्षात्मक गियर की कमी, गति की चोटें, टक्कर, जैविक खतरे, रासायनिक खतरे, एगोनोमिक खतरे और मनोवैज्ञानिक खतरे शामिल हैं। व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य विभिन्न कार्यस्थलों में जोखिम को कम करना और समस्याओं की जांच करना है। व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा का क्षेत्र कार्यस्थल के खतरों के उन्मूलन, कमी या प्रतिस्थापन की मांग के लिए नियम बनाता है। ओएचएस कार्यक्रमों में कार्यस्थल की घटनाओं के परिणामों को कम करने के लिए प्रक्रियाएं और कार्यविधियां भी शामिल हैं। यह प्राथमिक चिकित्सा और भारी मशीनरी के सुरक्षित संचालन और संक्रमण की रोकथाम, एगोनोमिक सर्वोत्तम प्रथाओं और कार्यस्थल हिंसा प्रतिक्रिया रणनीति को कवर करता है। व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा (ओएचएस) सार्वजनिक स्वास्थ्य का एक उपसमुच्चय है जो कार्यस्थल के स्वास्थ्य और सुरक्षा में सुधार करता है। यह कर्मचारी की चोट और बीमारी के पैटर्न की जांच करता है और काम पर आने वाले जोखिमों और खतरों को कम करने के लिए सिफारिशें करता है। प्रत्येक व्यवसाय में स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिम होते हैं, और यह गारंटी देना प्रत्येक नियोक्ता का उत्तरदायित्व है कि उनके कर्मचारी यथासंभव सुरक्षित रूप से अपना काम कर सकते हैं। व्यावसायिक खतरों के परिणामस्वरूप कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। भौतिक जोखिम, रासायनिक खतरे, जैविक खतरे, एगोनोमिक खतरे और व्यवहार संबंधी खतरे छह प्राथमिक खतरे श्रेणियां हैं। व्यावसायिक खतरे वे बीमारियाँ या दुर्घटनाएँ हैं जो काम के दौरान हो सकती हैं। दूसरे शब्दों में, कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल पर जिन जोखिमों का सामना करना पड़ता है। एक व्यावसायिक खतरा एक नकारात्मक अनुभव या परिणाम है जो किसी व्यक्ति को उनके काम के परिणामस्वरूप होता है। कुछ शब्दकोशों के अनुसार, यह शब्द उन जोखिमों को भी संदर्भित करता है जिनका लोग अपने शौक पर काम करते समय सामना करते हैं। खतरा एक संभावित हानिकारक या अप्रिय घटना है। व्यावसायिक खतरे विभिन्न रूपों में आते हैं। खतरों का यह संग्रह काम पर हर समय मौजूद रहता है और उच्च रक्तचाप, तनाव और कैंसर सहित व्यावसायिक बीमारियों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए जिम्मेदार है। ऐसे कारक, एजेंट या घटनाएँ जो स्पर्श के बिना या स्पर्श किए बिना नुकसान पहुँचा सकते हैं, शारीरिक खतरों के रूप में जाने जाते हैं। उन्हें या तो पर्यावरणीय या व्यावसायिक खतरों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। रेडिएशन, हीट, कोल्ड स्ट्रेस, कंपकंपी और शोर इसके कुछ उदाहरण हैं। जैविक जोखिम-जैविक खतरे, जिन्हें अक्सर जैव खतरों के रूप में जाना जाता है, जैविक यौगिक हैं जो मनुष्यों और अन्य जीवित प्रजातियों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। एक जैविक स्त्रोत से एक विष के नमूने, एक वायरस इस प्रकार के खतरे के उदाहरण हैं। विशेष रूप से, नमूने जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। एगोनोमिक खतरा गलत मुद्रा, ऊब, दोहराव, काम की पाली और तनावपूर्ण स्थितियों की आवश्यकता को संदर्भित करता है। एनेस्थेसियोलॉजिस्ट के कार्यस्थल की पर्याप्तता में एर्गोनॉमिक रूप से डफको अपनाना शामिल है। एनेस्थेटिक मशीन, ऑपरेटिंग टेबल, साइड टेबल और मॉनिटर सभी को एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की ऊंचाई पर सेट किया जाना चाहिए। रासायनिक खतरे ऐसे जोखिम हैं जो कार्यस्थल में रसायनों के संपर्क में आने से उत्पन्न हो सकते हैं। पीड़ितों को तत्काल या दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों का अनुभव हो सकता है। सैकड़ों खतरनाक पदार्थों में प्रतिरक्षा एजेंट, त्वचाविज्ञान एजेंट, कैंसरजन, न्यूरोटॉक्सिन और प्रजनन जहर शामिल हैं। खतरनाक यौगिकों में अस्थमा, सेंसिटाइजर और प्रणालीगत जहर शामिल हैं। जोखिम की मनोसामाजिक प्रकृति-मनोसामाजिक खतरे कार्यस्थल के जोखिम हैं जिनका कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। ये खतरे अन्य लोगों के साथ टीम की स्थिति में कार्य करने की उनकी क्षमता को सीमित करते हैं। जिस तरह से काम बनाया गया, संरचित और प्रबंधित किया गया वह मनोसामाजिक खतरों से जुड़ा हुआ है। रोगियों में मनोवैज्ञानिक या मानसिक हानि या बीमारी होती है। कुछ लोग शारीरिक रूप से चोटिल या बीमार भी होते हैं। कानूनी विनियम, प्रमाणन और पंजीकरण, निगरानी और निगरानी, दुर्घटना की सूचना देना, और कार्य चोट क्षतिपूर्ति सभी कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य का हिस्सा हैं। कार्यस्थल सुरक्षा में सुधार के लिए अपनी जिम्मेदारियों को समझें। लोगों को उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए कॉर्पोरेट गतिविधि के जोखिमों से बचाएं; स्रोत पर कार्यस्थल जोखिमों को समाप्त करना; और स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण मानकों के निर्माण और कार्यान्वयन में उनका प्रतिनिधित्व करने वाले नियोक्ताओं, कर्मचारियों और संगठनों को शामिल करें। काम की दुनिया में गहरा परिवर्तन हो रहा है। सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिकों और अन्य हितधारकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे सभी के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य का कार्यस्थल बनाने के अवसरों का लाभ उठाएं। काम पर सुरक्षा और स्वास्थ्य में सुधार के उनके दिन-प्रतिदिन के प्रयास भारत के ठोस सामाजिक आर्थिक विकास में सीधे योगदान कर सकते हैं।

आचार्य महाश्रमण: राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार संतपुरुष

ललित गर्ग

भारत की भूमि पर अनेक महापुरुषों ने जन्म लेकर इस धरा का गौरव बढ़ाया, उसी आलोकधर्मी परंपरा का विस्तार है आचार्य महाश्रमण। महावीर, बुद्ध, गांधी, आचार्य भिक्षु, आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ की इस परम्परा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने स्वयं को ऊपर उठाया, महनीय एवं कठोर साधना की, अनुभव प्राप्त किया और अपने अनुभव वैभव के आधार पर दुनिया को शांति, अहिंसा, प्रेम, सौहार्द, अयुद्ध एवं वसुधैव कुटुम्बकम् का सन्देश दिया। अतीत की धुंधली होती आध्यात्मिक परंपरा को आचार्य महाश्रमण एक नई दृष्टि प्रदान की हैं। यह नई दृष्टि एक नए मनुष्य का, एक नए जगत का, एक नए युग का सूत्रपात कही जा सकती है। विशेषतः उनकी विनम्रता और समर्पणभाव उनकी आध्यात्मिकता को ऊंचाई प्रदत्त रह रहे हैं। भगवान राम के प्रति हनुमान की जैसी भक्ति और समर्पण रहा है, वैसा ही समर्पण आचार्य महाश्रमण का अपने गुरु आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ के प्रति रहा है। 29 अप्रैल 2023 यानी वैशाख शुक्ला नवमी को आचार्य श्री महाश्रमण सूरत (गुजरात) में 62वां जन्मोत्सव मनायेंगे। आचार्य महाश्रमण निरुपाधिक व्यक्तित्व का परिचायक बन गया और इस वैशिष्ट्य का राज है उनका प्रबल पुरुषार्थ, उनका समर्पण, अटल संकल्प, अखंड विश्वास और ध्येय निष्ठा। एमर्सन ने सटीक कहा है कि जब प्रकृति को कोई महान कार्य सम्पन्न कराना होता है तो वह उसको करने के लिये एक प्रतिभा का निर्माण करती है। निश्चित ही आचार्य महाश्रमण भी किसी महान् कार्य की निष्पत्ति के लिये ही बने हैं। ऐसे ही अनेकानेक महान् कार्यों उनके जीवन से जुड़े हैं, उनमें एक विशिष्ट उपक्रम बना था अहिंसा यात्रा। आचार्य महाश्रमण ने अपनी आठ वर्षीय इस ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं विलक्षण यात्रा में उन्नीस राज्यों एवं भारत सहित तीन पड़ोसी देशों की करीब सत्तर हजार किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए अहिंसा और शांति का पैगाम फैलाया। करीब एक करोड़ लोगों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया। नेपाल में भूकम्प, कोरोना की विषम परिस्थितियों में इस यात्रा का नक्सलवादी एवं माओवादी क्षेत्रों में पहुंचना आचार्य महाश्रमण के दृढ़ संकल्प, मजबूत मनोबल एवं आत्मबल का परिचायक बना था। आचार्य महाश्रमण का देश के सुदूर क्षेत्रों-नेपाल एवं भूटान जैसे पडौसी राष्ट्रों सहित आसाम, बंगाल, बिहार, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक, तमिलनाडू, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि में अहिंसा यात्रा करना और उसमें अहिंसा पर विशेष जोर दिया जाना अहिंसा की स्थापना के लिये सार्थक सिद्ध हुआ है। क्योंकि आज देश एवं दुनिया हिंसा एवं युद्ध के महाप्रलय से भयभीत और आतंकित है। जातीय उन्माद, सांप्रदायिक विद्वेष और जीवन की प्राथमिक आवश्यकताओं का अभाव- ऐसे कारण हैं जो हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं और इन्हीं कारणों को नियंत्रित करने के लिए आचार्य महाश्रमण अहिंसा यात्रा के विशिष्ट अभियान के माध्यम से प्रयत्नशील बने थे। भारत की माटी में पदयात्राओं का अनूठा इतिहास रहा है। असत्य पर सत्य की विजय हेतु मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा की हुई लंका की ऐतिहासिक यात्रा हो अथवा एक मुट्ठी भर नमक से पूरा ब्रिटिश साम्राज्य हिला देने वाला 1930 का डाण्डी कूच, बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा हो अथवा राष्ट्रीय अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव और अन्तर्राष्ट्रीय भ्रातृत्व भाव से समर्पित एकता यात्रा, यात्रा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। भारतीय जीवन में पैदल यात्रा को जन-सम्पर्क का सशक्त माध्यम स्वीकारा गया है। ये पैदल यात्राएं सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक यथार्थ से सीधा साक्षात्कार करती हैं। लोक चेतना को उद्बुद्ध कर उसे युगानुकूल मोड़ देती हैं। भगवान् महावीर ने अपने जीवनकाल में अनेक प्रदेशों में विहार कर वहां के जनमानस में अध्यात्म के बीज बोये थे।

दिखावा है दिखावा

डॉ. सुरेश कुमार

जब मनुष्य न कहलायें तो धर्म हिंदू हो या मुसलमान क्या फर्क पड़ता है? मंदिर की चौखट पर बैठने वाले भिखारी हिंदू ही सही वहाँ आने वाले भक्त गले थोड़े न लगायेंगे। उसी तरह मस्जिद के आगे बैठने वाले फकीर मुस्लिम हुए तो क्या हुआ, इबादत के लिए आने वाले नमाज पढ़ेंगे न कि गले लगाते फिरेंगे। क्या फर्क पड़ता है हिंदू या मुसलमान होने से? हिंदू चाहे कितने भी व्रत क्यों न कर लें और मुसलमान चाहे जितने भी रोजे रख लें, दोनों टैक्स से बचने के लिए छोटी सी छोटी संभावना के लिए हाथ-पैर मारते ही हैं, क्योंकि पैसे दोनों को प्यारे हैं। हो सकता है एक के मंत्रों की भाषा संस्कृत हो और दूसरे के आयतों की भाषा अरबी लेकिन दोनों के बच्चे पढ़ते तो अंग्रेजी मीडियम के स्कूल में ही हैं न! क्या फर्क पड़ता है कि भगवद्गीता की भाषा संस्कृत है या फिर कुरान की भाषा अरबी? दोनों ही आज के चकाचौंध वाले अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में दम तोड़ती नजर आ रही हैं। मंदिर जाने वाला भक्त जिस ऊबर-खाबड़ सड़क से होकर गुजरता है उसी सड़क से कोई नमाजी नमाज अदा करने लिए मस्जिद जाता है। दोनों के रास्ते में विकास का टायर कब का पंक्चर हो गया है। दोनों ही कौमों के न जाने कितने लोग गिरकर अपने हाथ-पैर तुड़वा चुके हैं। चाहे हलवा, पूड़ी, खीर बनाना हो या फिर बिरयानी, शीरखुर्मा दोनों के लिए किराणा की दुकान में कीमतों की सूची तो एक ही होती है। महंगाई दोनों के लिए एक जैसी होती है। कोई आँखों के बीच माथे पर जितना बड़ा तिलक या फिर कोई आँखों में जितना सुरमा लगा लें दोनों की आँखें मिलावट को पहचानने से धोखा खा ही जाती हैं।

कोई वास्तुदोष को ध्यान में रखकर घर बनाता है तो कोई बिना वास्तु के, लेकिन क्या फर्क पड़ता है? दोनों के घर के आगे मैनहोल तो खुला रहता है। बदबू दोनों को एक सी मारती है। चाहे इसे देवभूमि कह लो या फिर सारे जहाँ से अच्छा दोनों को खुली हवा में सांस लेने की आजादी कहाँ है? दोनों ही प्रदूषण के शिकार हैं। दोनों ही बिन माँगी बीमारियों के फरियादी हैं। हर दिन पवित्र गोमूत्र पीने से न गरीबी मिटने वाली है और न ही दाढ़ी मूँछ बढ़ाने से दो जून की रोटी मिलने वाली है। जब तक वे दोनों अपना पसीना नहीं बहायेंगे तब तक उन्हें कोई मेहनताना देने के लिए तैयार नहीं है। चाहे कन्या का विवाह पूर्ण संस्कारों से हों या फिर बेटी की शादी पूरे तौर-तरीकों से। दोनों इसी चिंता में तिल-तिल जला करते हैं कि उनकी लड़की जलने या मरने से बची तो रहेगी न! बारिश के दिन आने पर दोनों ही अपने अपार्टमेंटों को कागज की नाव की तरह नालों में डूबने से बचाने की चिंता में दिल की धड़कनों को बढ़ाते रहते हैं।

पाठा क्षेत्र में भी जल जीवन मिशन के तहत पहुंचायें पानीः डीएम

डीएम ने घरों में देखा पानी आ रहा है या नहीं

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जल जीवन मिशन के तहत रैपुरा पेयजल समूह योजना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गुंता बांध में बने इंटेकबेल के निरीक्षण दौरान कार्यदाई संस्था जीबीपीआर के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब तक इंटेकबेल का पूरा कार्य नहीं हो रहा है तो यहां पर विद्युत वायर लगाकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें।

गुरुवार को डीएम अभिषेक आनन्द ने कहा कि जो छोटे-छोटे कार्य रह गए हैं, उन्हें मैनपावर बढ़ाकर कराया जाए। उन्होंने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अगरहुंडा का निरीक्षण कर सीएलएफ, फिल्टर हाउस, पंप हाउस आदि देखे। अगरहुंडा में नल कनेक्शन धारक ममता देवी के दरवाजे पेयजल सप्लाई में नल की टोटी चलाकर चेक किया कि पानी आ रहा है या नहीं, जिसमें नल में पानी आता मिला। गांव के कनेक्शन धारकों से कहा कि पानी का उपयोग सही ढंग से करें। उन्होंने ओवरहेड टैंक पंप हाउस भी देखा।

कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि जो कार्य शेष हैं, उसे तत्काल पूरा करायें। गांव में ही जो आईएसए संस्था से चयनित महिलाओं के वाटर टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा था, जिलाधिकारी ने फ्लोराइड आर्सेनिक पीएच आदि का टेस्ट कराया। महिलाओं से कहा कि गांव में अधिक से अधिक प्रतिदिन

जल जीवन मिशन के कार्य देखते डीएम।

पेयजल की टेस्टिंग करायें। यह भी बताया कि सभी गांव में पेयजल टेस्टिंग के लिए टीमें लगाई गई है जो लगातार कार्य कर रही है।

जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत मदना के मजरा पवारी पुरवा में हर घर नल कनेक्शन से आपूर्ति देखी। उन्होंने कहा कि गांव के जिन लोगों ने करेक्शन नहीं लिये प्रधान से सहयोग लेकर नल के कनेक्शन कराएं। खंड विकास अधिकारी मानिकपुर धनंजय सिंह को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायतों में आशा, आंगनबाड़ी, स्वयं सहायता समूह, ग्राम रोजगार सेवक आदि की बैठक कराकर जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल के बारे में जानकारी दी जाए। पानी का कैसे उपयोग किया जाए, ताकि पानी बर्बाद न हो। इस पर भी लोगों को जागरूक करें। खंड विकास अधिकारी से ये भी कहा कि जो ग्राम पंचायत अगरहुंडा में हैंडपंप खराब है, उसे तत्काल ठीक कराएं। पवारी पुरवा में ही बने ओवर हेड टैंक को भी देखा। प्रधान मदना को निर्देश दिए कि जो शासकीय गौशाला चल रही है, उसमें पर्याप्त भूसा, चारा, पेयजल तथा टीन शेड के ऊपर तिरपाल की व्यवस्था करें, ताकि गौवंशों कोई समस्या न हो। जिलाधिकारी ने पूरे पाठा क्षेत्र के जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी एडीएम नमामि गंगे, जल निगम एवं कार्यदाई संस्था से ली। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदु सुधाकरण से कहा कि विकासखंड मानिकपुर के जिन गांव में पेयजल की समस्या है वहां पर टैंकरों से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। वहां उन गांवों में फोकस कराकर जल्द से जल्द जल जीवन मिशन के कार्यों को पूरा कराया जाए। इस बाबत कार्यदाई संस्था से पत्राचार कर कार्यों में तेजी लाई जाये। निदेशों के बाद भी कार्यों में तेजी नहीं आती है तो शासन को पत्र भेजा जाए।

निरीक्षण में एडीएम नमामि गंगे सुनंदु सुधाकरण, बीडीओ धनंजय सिंह, जीवीपीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर श्रीनिवासन राव समेत जल निगम एवं कार्यदाई संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

एसपी के निर्देश पर 13 के खिलाफ हुई मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले सुनील कुमार, चिरौंजीलाल पुत्रगण भइयालाल निवासीगण बराछी, सुनील पाण्डेय पुत्र रघुनन्दन पाण्डेय, महावीर उर्फ चेला पाल पुत्र बाबूलाल उर्फ भोले निवासी पटौरी थाना मऊ, धीरे सिंह पुत्र जयगोपाल निवासी बराछी, चन्द्रदेव पुत्र शिवराज, अजय उर्फ भोंडा पासी पुत्र झल्लर निवासीगण हरिजन बस्ती कस्बा मऊ, मोबिन पुत्र स्व नन्हे खां, अखिलेश गर्ग पुत्र दिनेश निवागीगण टोला कस्बा मऊ, चिराग अली पुत्र रहमान अली, जलील अहमद पुत्र हमीर निवासीगण यमुना रोड कस्बा मऊ, रामू पुत्र मोहनलाल, विष्णु पुत्र असफीलाल निवासीगण शिवपुर रोड कस्बा मऊ के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इस कार्यवाही से अराजकतत्वों में हलचल मची है।

संक्षिप्त समाचार

सरैंया पुलिस ने गांजा में एक को दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में चैकी प्रभारी सरैंया चन्द्रमणि त्रिपाठी की टीम ने पिन्टू उर्फ बेंडर यादव पुत्र स्व शिवमंगल निवासी गढ़चपा के कब्जे एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाना मानिकपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया चन्द्रमणि पाण्डेय, सिपाही रोहित यादव, दुर्गेश कुमार शामिल रहे।

मतदान के दिन होगा सार्वजनिक अवकाश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि उप्र शासन के निर्देश के क्रम में नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दिन 11 मई गुरुवार को जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। गुरुवार को उन्होंने बताया कि नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण में मतदान के दिन 11 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये।

दो ने लिया पर्चा वापस

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अपर जिलाधिकारी/रिटर्निंग ऑफिसर वन्दिता श्रीवास्तव ने बताया कि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कर्वी नगर निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जवाहरलाल, सुरेश प्रसाद निर्दलीय उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल किया था। इन्होंने नामांकन को वापस कर लिया है।

सब्जी कारोबारियों को दें आर्थिक मददः शानू

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सीतापुर मंडी में लगी भीषण आग से लगभग एक दर्जन दुकानें जलकर राख हो गई। सब्जी व्यापारियों की भारी क्षति हुई है। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने आगजनी के शिकार हुए सब्जी व्यापारियों की मदद को उपजिलाधिकारी से मुख्यमंत्री राहत कोष से 50 लाख की आर्थिक सहायता देने की मांग की है। गुरुवार को उपजिलाधिकारी ने अग्नि पीडियों की मदद का भरोसा दिया। व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि देश में व्यापारियों की सुरक्षा मदद को व्यापारी राहत कोष का गठन होना बेहद जरूरी है। पूर्व में कानपुर में भी लगभग 50 करोड़ की आगजनी हो चुकी है।

सद्गुरु चिकित्सालय में पांच दिवसीय आईएक्सेल कार्यशाला हुई शुरू

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। परमहंस सन्त श्री रणछोड़दास महाराज की प्रेरणा से संचालित जानकीकुंड स्थित अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध संस्थान सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में पांच दिवसीय आईएक्सेल वर्कशॉप का शुभारम्भ हुआ। कार्यशाला का आयोजन सेवा फाउन्डेशन, अरविंद आई केयर सिस्टम (लाइको) एवं सद्गुरु ट्रस्ट के संयुक्त तत्त्वावधान में हो रहा है। इसमें देश भर के दस प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सालय की टीमें भाग ले रही है।

कार्यशाला में मौजूद ट्रस्टी डॉ इलेश जैन।

गुरुवार को कार्यशाला का शुभारंभ ट्रस्टी डॉ इलेश जैन, अरुण आचार्य ग्लोबल ट्रेनर, सेवा फाउंडेशन, दिव्य रामास्वामी सीनियर फैकल्टी लाइको, डॉ आलोक सेन चिकित्सकीय अधीक्षक सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय एवं सुबीश के हेड सीसीओ ने गुरुपूजन एवं दीप जलाकर किया। ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने बताया कि सेवा फाउंडेशन एवं अरविन्द आई केयर लाइको के सहयोग से पहली बार ये कार्यशाला उत्तर भारत के किसी चिकित्सालय में हो रही है। पहली बार द्विभाषीय कार्यशाला (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में हो रही है। प्रमुख उद्देश्य प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण प्रदान करना है। जो आगे चलकर अपने चिकित्सालयों में अन्य कार्यकताओं को प्रशिक्षित करेंगें एवं नेत्र चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ अपने क्षेत्र की जनता को पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। चिकित्सालयों में प्रबंधन कौशल का भी संचार होगा एवं रोगियों को मिलने वाली गुणवत्ता में भी सुधार होगा। कार्यशाला में सेवा सदन आई हॉस्पिटल भोपाल, नव भारत जागृति केन्द्र झारखण्ड, लोकनायक जयप्रकाश नेत्रालय दुमका, राप्ती आई हॉस्पिटल डांग नेपाल, सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनन्दपुर, निर्मल आश्रम आई हॉस्पिटल ऋषिकेश, शहीद भगत सिंह नेत्रालय बरेली, विवेकानंद मिशन आश्रम निरामय निकेतन, अखण्ड ज्योति आई हॉस्पिटल बिहार, त्रिलोचन नेत्रालय सम्बलपुर के 50 से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे है।

सीआईसी के टॉपटेन छात्रों को मिलेंगे एक-एक लाखः डॉ चौहान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि प्रदेश की टापटेन सूची में चयनित छात्रों को कालेज की ओर से एक-एक लाख का नकद पुरस्कार दिया जायेगा।

गुरुवार को चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद 2023 में हाईस्कूल-इंटर प्रदेश की सूची में आने वाले कालेज के छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार एवं प्रबंध समिति हाईस्कूल के छात्र विनायक भास्कर के प्रदेश की सूची में दसवां स्थान व इंटरमीडिएट की छात्रा अनामिका सिंह के टापटेन सूची में नौंवा स्थान मिलने पर दोनों छात्रों को एक-एक लाख रुपये की धनराशि 15 अगस्त को बतौर पुरस्कार दी जायेगी।

जिले की मेरिट सूची में टापटेन आये छह छात्र-छात्राओं को विद्यालय निःशुल्क शिक्षा और पुस्तकों की व्यवस्था करेगा। जिला टापर को निःशुल्क शिक्षा व अन्य व्यवस्था एवं अगली कक्षा में पढाई को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्था चित्रकूट इंटर कालेज की ओर से की जायेगी।

कुश्ती संघ अध्यक्ष बृजभूषण पर दर्ज हो यौन शोषण की रिपोर्टः वामपंथी संगठन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, किसान सभा, एसएफआई, डीवाईएफआई, सीआईटीयू, खेल मजदूर यूनियन ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर महिला पहलवानों के साथ यौन शोषण के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने और कुश्ती संघ अध्यक्ष को गिरफ्तार करने बाबत राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

गुरुवार को वामपंथी संगठनों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपते हुए कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना दे रही महिला पहलवानों ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मैडल जीतकर देश का सम्मान

प्रदर्शन करते वामपंथी संगठन।

बढाया है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष/उप्र सांसद बृजभूषणशरण सिंह ने खिलाडियों के साथ यौन शोषण किया है। धरने पर बैठने को मजबूर महिला पहलवानों की चार माह बाद भी दिल्ली पुलिस सांसद के खिलाफ रिपोट नहीं दर्ज कर रही। जनवरी में भी महिला पहलवानों ने जंतर-मंतर में धरना देकर कुश्ती संघ के अध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। तब जांच कमेटी का गठन और रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही का भरोसा देकर धरना समाप्त करा दिया गया था। तीन माह बीतने के बाद भी जांच रिपोर्ट न आने व सांसद बृजभूषणशरण सिंह के खिलाफ कोई कार्यवाही न होने से पुनः महिला पहलवान धरने पर बैठी हैं। उप्र किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि यह महिला पहलवानों का नहीं, देश की महिलाओं का अपमान है। सुप्रीम कोर्ट की रुलिंग के अनुसार यौन शोषण की शिकायत पर तत्काल रिपोर्ट दर्ज करनी चाहिए। इस मामले में राजनैतिक दबाव के चलते रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही। वामपंथी संगठनों ने केन्द्र सरकार और खेल मंत्रालय से मांग किया कि तत्काल कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं अन्य के खिलाफ उचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की जाये। ज्ञापन देने में मुस्कान, अजय सिंह एड, शिवप्रसाद, कमलेश, शिवम, अवनीश, रानी, पूनम, नीलम, कमलेश, जयशंकर आदि शामिल रहे।

शराब भट्ठी समेत तीन के कब्जे से 160 लीटर महुआ शराब बरामद, मोटरबाइक भी हुई सीज

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में बरगढ थानाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 120 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। गुरुवार को बरगढ थाने के दरोगा अनिल कुमार मिश्रा की टीम ने बृजलाल वर्मा पुत्र तुलसीदास निवासी कुरियाडीह के कब्जे से 65 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण समेत गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अनिल कुमार मिश्रा, सिपाही राजेश कुमार, राघवेन्द्र पटेल, महिला सिपाही समीक्षा यादव शामिल रही।

पुलिस गिरफ्त में शराब कारोबारी।

इसी क्रम में बरगढ थाने के दरोगा राजकुमार सिंह की टीम ने रामखेलावन वर्मा पुत्र रामलाल निवासी कुरियाडीह के कब्जे से 55 लीटर महुआ शराब एवं शराब बनाने के उपकरण समेत गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा राजकुमार सिंह, सिपाही विवेक कुमार, अखिलेश चैहान, महिला सिपाही आकांक्षा दीक्षित शामिल रही। सरधुवा थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय की टीम ने मोटरबाइक यूपी96के-2816 से शराब ले जाते गुड्डन पुत्र चन्द्रपाल निवासी भंभौर थाना पहाड़ी को 40 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्जकर मोटरबाइक को सीज किया है। टीम में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय, दरोगा राजेश कुमार राय, दीवान वीरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

जल जीवन मिशन के पाइप चोरी का 24 घंटे में हुआ खुलासा।

चोरी के 50 पाइप-डीसीएम समेत दो दबोचे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने बताया कि जल जीवन मिशन के पाइप चोरी की घटना के 24 घंटे के अन्दर पुलिस ने चोरी के पचास पाइप व डीसीएम समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी नमामिगंगे परियोजना के तहत बुन्देलखण्ड क्षेत्र में जारी हर घर जल योजना के कार्य किये जा रहे है। राजकीय कार्य में कार्यदायी संस्था के समानों की चोरी कर महत्वाकांक्षी परियोजना में अवरोध खडा करने की शिकायतें मिल रही थी। परियोजना के कुछ कर्मचारी व बाहरी लोगों की मिलीभगत से परियोजना से सम्बन्धित समान चोरी कराकर परियोजना के समय से पूरा होने में बाधा खडी कर रहे हैं। पुलिस को सूचना मिली कि जल जीवन मिशन योजना के पाइप को डीसीएम में भरकर जिले से बाहर ले जाया जा रहा है। रैपुरा पुलिस ने वाहनों की जांचकर डीसीएम में लदे पाइप बरामद किये। रैपुरा पुलिस टीम ने बोड़ीपोखरी चैराहे पर डीसीएम में लदे पचास पाइप कब्जे में लेकर गाड़ी चालक व सहायक से पूंछताछ की तो पता चला कि ये पाइप देउंधा व अरवारा गांव किनारे नेशनल हाइवे से चोरी किये गये थे। इस बाबत जल जीवन मिशन से सम्बन्धित अधिकारी से बातचीत कर चोरी की घटना की पुष्टि होने पर योजना से सम्बन्धित अशोक कुमार पुत्र स्व त्रिलोकीनाथ निवासी गोरखनाथ थाना गोरखनाथ जिला गोरखपुर से तहरीर लेकर मामला दर्ज किया। पूंछताछ में बताया कि पाइप चोरीकर कानुपर व दिल्ली में ले जाकर बेंच देते हैं। चोरी के पाइप बरामद का मामला भी दर्ज किया व डीसीएम को सीज किया। गिरफ्तार अभियुक्तों को रिमांड में लेकर जानकारी की जायेगी कि नमामिगंगे परियोजना में बाधा खडी करने वाले कौन लोग हैं। गिरफ्तार डीसीएम चालक गुरमीत सिंह पुत्र मलकीत सिंह निवासी मेहता चैक थाना मेहता चैक पोस्ट बाबा बकाला साहब जिला अमृतसर पंजाब हाल मुकाम राजधानी पार्क नांगलोई नई दिल्ली व नियाज अहमद पुत्र निसार अहमद निवासी रतौली पोस्ट ताला थाना कंधई हनुमानगंज जिला प्रतापगढ़ हाल मुकाम किरारी सुलेमान नगर निठारी उत्तर पश्चिम दिल्ली है।

टीम में दरोगा अरविंद कुमार, दरोगा सिद्धनाथ, सिपाही नंदलाल, अजीत कुमार, तिलक राज शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

श्याम गुप्ता के चंगुल से मुक्त करायें रामलीला भवन

केशरवानी समाज ने एसडीएम को लिखा पत्र

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। केशरवानी समाज के राकेश केशरवानी, जितेन्द्र केशरवानी आदि ने एसडीएम सदर को लिखे पत्र में कहा कि रामलीला भवन में किसी प्रकार का निर्माण न होने बाबत पत्र जिलाधिकारी को दिया गया था। इसके बाद भी श्याम गुप्ता चुनाव का लाभ उठाकर निर्माण कार्य करा रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य तत्काल रोकने की मांग की है। एसडीएम सदर राजबहादुर ने कोतवाल कर्वी को मामले की जांचकर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिये हैं।

गुरुवार को केशरवानी समाज के लोगों ने एसडीएम को सौंपे पत्र में कहा कि जिलाधिकारी व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका ने श्याम गुप्ता से रामलीला बाबत कागज मांगे थे, वह कोई कागज नहीं दिखा सका था। डीएम व ईओ ने श्याम गुप्ता को कोई निर्माण कार्य न करने के निर्देश दिये थे। 26 अप्रैल को देखा गया कि श्याम गुप्ता रामलीला भवन में निर्माण कार्य जारी किये है। केशरवानी समाज के राकेश केशरवानी, अंकित केशरवानी, जितेन्द्र केशरवानी, रंजीत केशरवानी, नरेश केशरवानी आदि ने एसडीएम से श्याम गुप्ता की शिकायत की। उन्होंने नगर पालिका ईओ को निर्देश दिये कि तत्काल काम बन्द करवाया जाये। जबकि श्याम गुप्ता अभी भी निर्माण कार्य जारी किये है।

केशरवानी समाज के लोगों ने मांग किया कि श्याम गुप्ता के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाये। रामलीला भवन का जो मैनुअल है, इस पर बिना प्रशासन की अनुमति के किसी भी तरह का कार्य न करवाया जाये। सूबे के मुख्यमंत्री को भी श्याम गुप्ता के खिलाफ कार्यवाही को लिखा गया है। उप जिलाधिकारी ने कर्वी कोतवाल को निर्देश दिये हैं कि रामलीला भवन में किसी भी तरह का निर्माण कार्य न होने दिया जाये। केशरवानी समाज के लोगों ने बताया कि यह रामलीला भवन का निर्माण गरीबों के लिए हुआ था।

भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता को जिताने को कार्यकर्ता कसें कमरः देवेश कोरी

नगर पालिका क्षेत्र के कार्यकताओं का हुआ सम्मेलन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाजपा ने नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले कार्यकताओं का सम्मेलन जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता व बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी देवेश कोरी की मौजूदगी में हुआ। भाजपा नगर पालिका कर्वी प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। नगर पालिका चुनाव जीतकर एक और इंजन जोडने का काम करना है, ताकि विकास का पहिया और तेजी से दौड सके।

गुरुवार को बिन्दीराम होटल में हुए नगर क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला प्रभारी देवेश कोरी ने कहा की चेयरमैन प्रत्याशी के साथ सभी 25 वार्डो मे भाजपा प्रत्याशी चुनाव लड रहे है। सभी में तालमेल से चुनाव लडने का काम करना है। सभासद को अपने साथ चेयरमैन के प्रत्याशी के पक्ष में भी मतदान की अपील करना है। दोनों पर्चो मे कमल के फूल

सम्मेलन में मौजूद भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

मोहर लगे, इसके लिये सब को घर-घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क करना होगा। जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर बूथ अध्यक्ष बने है। बूथ कमेटी के साथ एक-एक पेज के प्रमुख बने है। इनके साथ बैठक कर योजना बनाकर चुनाव प्रचार करना है। आगामी 30 तारीख को मोदी के मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक वार्ड स्तर पर करना है।

कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि चुनाव आगामी लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल है। इस चुनाव से आगे के लोकसभा चुनाव की दिशा और दशा तय होगी। सभी को लगकर भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता को जिताने का काम करना है। सभी 25 वार्डो में सभासदों को जिताने काम करना है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि यह शहरी चुनाव है। सभी मतदाता जागरुक होते है। यह चुनाव जातपात से परे होता हैं। सभी जाति के मतदाताओं से मिलकर भाजपा के पक्ष मे मतदान की अपील करना है। पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला ने कहा कि भाजपा से प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता ईमानदार व मिलनसार हैं।

संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा, अफगानिस्तान को 2023 के लिए 4.62 अरब डॉलर सहायता की जरूरत

इस्लामाबाद। संयुक्त राष्ट्र की मानवीय सहायता एजेंसी ने कहा है कि अफगानिस्तान को उसके करीब 2.4 करोड़ जरूरतमंद लोगों के लिए इस साल अंतरराष्ट्रीय समुदाय से 4.62 अरब डॉलर की मानवीय सहायता की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय ने ट्वीट किया कि अफगानिस्तान लगातार तीसरे साल सूखा, लगातार दूसरे साल भयंकर आर्थिक संकट तथा दशकों के युद्ध एवं प्राकृतिक आपदाओं के निरंतर दंश को झेल रहा है। उसने कहा कि अफगानिस्तान के अधिकतर लोगों के लिए मानवीय सहायता उनकी आखिरी जीवनरेखा बनी हुई है। काबुल के निवासी एवं सरकारी कर्मी मोहम्मद शुकरान (32) ने कहा कि अफगानिस्तान में जीवन बहुत कठिन है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति किसी तरह जीवित रहने का प्रयास कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने इस माह के प्रारंभ में कहा था कि अफगानिस्तान पर इस सदी के शुरुआती ढाई दशक में भूखमरी का सबसे अधिक खतरा मंडरा रहा है, ऐसे में अगले छह महीने तक उसकी सहायता करने के लिए उसे 80 करोड़ डॉलर की तत्काल जरूरत है।

भारत-रूस के रिश्तों पर बोले अमेरिका के पूर्व रक्षा मंत्री, कहा- हमें धैर्य दिखाना होगा

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने भारत-अमेरिका शिखर सम्मेलन के दौरान भारत और रूस के रिश्तों पर टिप्पणी की है। यह आयोजन कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष रो खन्ना की ओर से आयोजित किया गया था। अमेरिका के पूर्व रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने कहा कि दिल्ली ने यूक्रेन पर मास्को के हमले का समर्थन नहीं किया है, ऐसे में भारत और रूस के रिश्ते के बीच अमेरिका को रणनीतिक धैर्य दिखाना होगा।उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा संबंध मजबूत हुए हैं और तेजी से आगे भी बढ़ रहे हैं। जिम मैटिस ने कहा- 'हमें धैर्य दिखाना होगा। वे (भारतीय) सही दिशा में बढ़ रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार ने यूक्रेन पर रूस के हमले का समर्थन नहीं किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट रहे हैं। भारत को जो आखिरी काम करना है वह यह है कि रूस और चीन की करीबी को देखते हुए उसे रणनीति बनानी होगी। रूस के साथ भारत का संबंध अमेरिका के लिए चिंता की बात नहीं है। मैटिस का कहना है कि अन्य क्वाड देशों के विपरित भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी हमलों की निंदा नहीं की है। भारत रूसी आक्रमण पर संयुक्त राष्ट्र के मंचों पर वोटों से दूर रहा है। भारत यूक्रेन में कूटनीति और बातचीत के माध्यम से युद्ध को रोकने की मांग कर रहा है। मैटिस का मानना है कि रूस के प्रभाव क्षेत्र से भारत बाहर निकल रहा है। यह समय भारत पर व्याख्यान देने का नहीं बल्कि उनके साथ मिलकर काम करने का है। एक तरफ जहां भारत के पास पड़ोसी राष्ट्र के रूप में कट्टरपथी परमाणु हथियार वाला पाकिस्तान है तो वहीं दूसरी तरफ चीन है जो भारत को धमकाने की कोशिश करता रहता है।

दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस में गाना गाकर सबको चौंकाया, बाइडन की प्रतिक्रिया वायरल

वाशिंगटन। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल आजकल अमेरिका आए हुए हैं। इस दौरान जहां वह उत्तर कोरिया पर आक्रामक दिखे वहीं रात में एक अलग अंदाज में नजर आए। उनके इस अंदाज को देखकर अमेरिकी राष्ट्रपति भी हैरान रह गए। यून के लिए व्हाइट हाउस में एक रात्रिभोज रखा गया था।

यहां खाना खाने के बाद दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने अचानक से माइक ले लिया और एक अंग्रेजी गाना गाने लगे। इससे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन चकित रह गए। दरअसल, जो बाइडन, उनकी पत्नी जिल बाइडन ने राष्ट्रपति यून और उनकी पत्नी किम केओन के लिए रात्रि भोज के साथ ही शाम का मजा लेने के लिए संगीतकारों को बुलाया था। जब सभी लोग डाइनिंग रूम में पहुंचे, जहां ब्रॉडवे सितारों नॉर्म लुईस, ली सालॉन्गा और जेसिका वोस्क गाने गा रहीं थीं। तभी दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल ने माइक ले लिया और अमेरिकन पाई का गाना गाने लगे।

बाइडन ने चेताया, उत्तर कोरिया ने परमाणु हमला किया तो होगा किम जोंग के शासन का अंत

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग को सीधी चेतावनी दी है। बाइडन ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने परमाणु हमला किया तो किम जोंग के शासन का अंत हो जाएगा।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल इस समय अमेरिका की राजकीय यात्रा पर हैं। दोनों राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बाइडन ने कहा कि अगर उत्तर कोरिया परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करता है तो इसकी प्रतिक्रिया विनाशकारी होगी। उसे अपने शासन के अंत का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया का सुरक्षा कवच अमेरिका है। उत्तर कोरिया के आक्रामक मिसाइल परीक्षणों के सामने परमाणु तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। इस तरह की कार्रवाई करने वाले किसी भी शासन का अंत होगा।

इससे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

जो बाइडन और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक येओल ने एक ऐतिहासिक और नए समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य उत्तर कोरिया के हमले को रोकना है। समझौते के तहत 40 साल के बाद अमेरिका पहली बार दक्षिण कोरिया में परमाणु बैलिस्टिक पनडुब्बी का बेड़ा स्थापित कर सकेगा। माना जा रहा है कि यह कदम उत्तर कोरिया से मिल रही धमकियों को देखते हुए उठाया गया है। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शांति बनाए रखना है। परमाणु हमले की स्थिति बनी तो उत्तर कोरिया को तगड़ा जवाब दिया जाएगा।

अमेरिकी राजदूत गार्सेटी का बयान, भारत-अमेरिका संबंध पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण

वाशिंगटन। । भारत में अमेरिका के नवनियुक्त राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि पूरी दुनिया के भविष्य के लिए भारत-अमेरिका संबंध बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा है कि दोनों देश कई मुद्दों पर साथ मिलकर काम कर रहे हैं और इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ।

अमेरिकी संसद में इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष रो खन्ना और माइकल वाल्ट्ज द्वारा आयोजित यूएस-इंडिया समिट में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों को संबोधित करते हुए एरिक गार्सेटी ने कहा कि हमारा संबंध दुनिया के भविष्य के लिए बेहद अहम है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका अपरिहार्य सहयोगी हैं। गार्सेटी ने बताया कि जब वे भारत के लिए नियुक्त हुए थे तो उनकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात हुई थी। इस मुलाकात में भारत-अमेरिका संबंधों पर राष्ट्रपति बिल्कुल स्पष्ट थे। उन्होंने कहा कि यह समय बेहद नाजुक है। साथ ही दोनों देशों के संबंधों के लिए भी अहम समय है। गार्सेटी ने कहा कि भारत और अमेरिका दुनिया के प्रमुख लोकतंत्र हैं। दोनों देश दुनिया की सबसे बड़ी और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। दोनों देश साथ मिलकर 21वीं सदी को दिशा दे सकते हैं।

अमेरिकी संसद में इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष रो खन्ना और माइकल वाल्ट्ज द्वारा आयोजित यूएस-इंडिया समिट में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों को संबोधित करते हुए एरिक गार्सेटी ने कहा कि हमारा संबंध दुनिया के भविष्य के लिए बेहद अहम है।

चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने जेलेंस्की से फोन पर बात की

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात की और साथ यह भी चेतावनी दी कि परमाणु युद्ध की स्थिति में कोई विजेता नहीं होगा। यह जानकारी चीन की सरकारी मीडिया ने दी।

चीन द्वारा रूस और यूक्रेन के बीच मध्यस्थता की इच्छा जताए जाने के बाद दोनों नेताओं की यह बहुप्रतीक्षित बातचीत हुई। सरकारी बयान के अनुसार जिनपिंग सरकार संभावित राजनीतिक समाधान को लेकर बातचीत के लिए विशेष प्रतिनिधि यूक्रेन भेजेगी। यूक्रेन के मामले में चीन तटस्थ दिखने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसने यूक्रेन पर हमले

को लेकर रूस की निंदा करने से इनकार कर दिया है।

गौरतलब है कि फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले से पहले जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा था कि दोनों सरकारों की दोस्ती की कोई सीमा नहीं है। शी जिनपिंग ने फरवरी में शांति प्रस्ताव पेश किया था और दोनों पक्षों से युद्ध विराम कर शांति वार्ता शुरू करने का आह्वान किया था। जानकारी के मुताबिक जिनपिंग ने जेलेंस्की से कहा, बातचीत ही समाधान का एकमात्र रास्ता है।

खबर के मुताबिक चीन के राष्ट्रपति ने कहा, परमाणु युद्ध में कोई विजेता नहीं होता। उन्होंने कहा, सभी संबंधित पक्षों को शांत रहना चाहिए और परमाणु मुद्दे से निपटने में संयम बरतना चाहिए, वास्तव में उन्हें अपने और पूरी मानवता के भविष्य को देखते हुए मिलकर काम करना चाहिए।

वैश्विक समस्याओं के समाधान पर दुनिया की भारत पर टिकी नजर

वाशिंगटन। वरिष्ठ राजनयिक हर्षवर्धन श्रृंगला ने जी20 को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि इस बार जी20 की अध्यक्षता भारत के हाथों में हैं। इसका परिणाम बेमिसाल होगा। आज पूरी दुनिया भारत को ऐसे देश के रूप में देखती है, जो मौजूदा वैश्विक समस्याओं का समाधान प्रदान कर सकता है।

भारत की जी20 अध्यक्षता के मुख्य समन्वयक और पूर्व विदेश सचिव श्रृंगला ने मंगलवार को अपनी बायोग्राफी नॉट एन एक्सीडेंटल राइज के लॉन्च इवेंट में भारतीय-अमेरिकी और डायस्पोरा समुदाय के प्रमुख सदस्यों को संबोधित किया। कहा कि जी20 आजादी के बाद से भारत द्वारा आयोजित सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है।

ये लोग शामिल हुए

भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमवीएसएस) की सहायक कंपनी जयपुर फुट यूएसए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत केनेथ जस्टर और न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत रणधीर जायसवाल विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।

जी20 की अध्यक्षता संभाल रहा भारत

भारत ने पिछले साल एक दिसंबर को जी20 की साल भर चलने वाली अध्यक्षता ग्रहण की। भारत 200 से अधिक बैठकों और संबंधित कार्यक्रमों की मेजबानी कर रहा है, जो सितंबर में नई दिल्ली में एक वैश्विक नेताओं के शिखर सम्मेलन में समाप्त होगा।

दुनिया कठिन समय का कर रही सामना

श्रृंगला ने कहा कि मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत जी20 के समय जो परिणाम देगा वह अभूतपूर्व होगा। दुनिया वर्तमान में कठिन समय का सामना कर रही है जहां एकमात्र निश्चितता अनिश्चितता है।

भारत सभी की उम्मीदों पर उतरेगा खरा

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में हमारे कई साझेदारों को लगता है कि अगर कोई एक देश है जो आज उभरी वैश्विक स्थितियों का समाधान प्रदान करने की चुनौती के लिए तैयार है, तो वह भारत है। उन्होंने कहा कि भारत पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय समुदाय की उम्मीदों पर खरा उतरेगा, खासतौर पर ग्लोबल साउथ, जिसका हम हिस्सा हैं और उसकी आवाज रहे हैं।

नेपाल के उपचुनाव में मुख्य पार्टियों को लगा झटका

काठमांडू। नेपाल में तीन सीटों पर 23 अप्रैल को हुए संसदीय उपचुनाव में मुख्य पार्टियों को झटका लगा है। केपी शर्मा अली के नेतृत्व वाली सीपीएन (यूएमएल) समग्र रूप से तीसरे स्थान पर रही। नेपाली संसद की सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस ने दो सीटों पर चुनाव लड़ा और दोनों सीटों पर हार गई। तीनों क्षेत्रों में हुए मतदान के नतीजों ने बड़ी पार्टियों के लिए चुनौती बढ़ा दी है। पिछले साल नवंबर में हुए संसदीय चुनावों के बाद रिक्त हुई तीनों निर्वाचन क्षेत्रों में केपी शर्मा अली के नेतृत्व वाली सीपीएन (यूएमएल) पार्टी ने अपने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन तीनों जगह हार गई। इसी तरह संसद की सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस ने दो सीटों पर चुनाव लड़ा और दोनों सीटों पर हार गई। पिछले चुनाव में तनहुं-1 सीट से कांग्रेस

उम्मीदवार के रूप में वर्तमान राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल जीते थे, लेकिन उपचुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के उम्मीदवार स्वर्णिम वाग्ले ने इसी क्षेत्र से जीत हासिल की है। आरएसपी का गठन हुए अभी एक साल भी नहीं हुआ है, लेकिन पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने उपचुनाव में चितवन-2 से अधिक वोट प्राप्त करने में कामयाब रहे। लामिछाने से कांग्रेस और यूएमएल के उम्मीदवार चार गुना मतों से हार गए। बारा-2 सीट से जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) के अध्यक्ष उपेंद्र यादव जीते हैं। उन्हें जनमत पार्टी के उम्मीदवार शिवचंद्र कुशवाहा ने कड़ी चुनौती दी। तीनों क्षेत्रों में हुए मतदान के नतीजों ने बड़ी पार्टियों के लिए चुनौती बढ़ा दी है। प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में माना कि चुनौती बढ़ गई है। इधर, नेपाली कांग्रेस के भीतर नई पीढ़ी के नेताओं ने उन मुद्दों को उठाना शुरू कर दिया है, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी तरह यूएमएल अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने अपने गृह जिले झापा पहुंचकर कहा कि उनकी पार्टी की चारों तरफ से घेराबंदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि वह इसे तोड़ेंगे और आगे बढ़ेंगे।

भतीजी की शादी कराने के लिए भारतीय मूल के बुजुर्ग को छह महीने की जेल

सिंगापुर । सिंगापुर में 73 साल के एक भारतीय मूल के बुजुर्ग को छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल बुजुर्ग पर आरोप है कि उन्होंने अपने एक सहयोगी को इमीग्रेशन का फायदा देने के लिए अपनी भतीजी से उसकी शादी करा दी।

दरअसल यह शादी फर्जी थी और सिर्फ सहयोगी को इमीग्रेशन का फायदा देने के लिए यह शादी की गई थी। अदालत में आरोप सिद्ध होने के बाद बुजुर्ग को छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। साथ ही जिनकी शादी हुई, उन्हें भी छह और सात महीने की जेल की सजा सुनाई गई है।

खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों के खिलाफ ब्रिटेन के समीक्षा आयोग ने चेताया

लंदन। ब्रिटिश सरकार के एक प्रमुख स्वतंत्र समीक्षा आयोग ने कुछ खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ताओं की विध्वंसक, आक्रामक और सांप्रदायिक कार्रवाई के खिलाफ चेतावनी दी और साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि ऐसे समूहों की ब्रिटेन बेहद मुखर और आक्रामक अल्पसंख्यक समूह है, जिसे

खालिस्तान समर्थक चरमपंथी के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जो एक जातीय-राष्ट्रवादी एजेंडे को बढ़ावा दे रहा है। इसमें कहा गया है, इनमें से कुछ चरमपंथियों को उस खालिस्तान को स्थापित करने की अपनी महत्वाकांक्षा में हिंसा का समर्थन करने और लोगों को उकसाने के लिए जाना जाता है जिसकी भौतिक सीमाएं बड़े पैमाने पर भारत में पंजाब राज्य के विशिष्ट भागों के साथ साझा की जाती हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस क्षेत्रीय दावे में पाकिस्तान में स्थित पंजाब का हिस्सा शामिल नहीं है। यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है कि इन चरमपंथियों की प्रेरणा आस्था पर आधारित है या नहीं।

समीक्षा रिपोर्ट में यह कहा गया है कि सरकार को यह पहचान करनी चाहिए कि ब्रिटिश सिख समुदाय के भीतर चरमपंथी गतिविधि कहां मौजूद है और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी गतिविधियों को खत्म किया जाए।

सिख चरमपंथ के बारे में चेतावनियों के अलावा, 159 पृष्ठों की रिपोर्ट में धार्मिक अतिवाद के अन्य रूपों को शामिल किया गया है और कहा गया है कि कुछ ब्रिटिश हिंदुओं ने ब्रिटेन की राजनीति में हिंदू राष्ट्रवादी भागीदारी पर निराशा व्यक्त की है, जो ब्रिटेन में भारतीय समुदायों के बीच विभाजन पैदा कर सकता है।

इस्लामी चरमपंथ पर रिपोर्ट में ब्रिटिश सरकार से अपील की गई है कि वह चरमपंथी इस्लामवाद तथा इस्लाम और इस्लामी चरमपंथियों तथा मुसलमानों के बीच अंतर को रेखांकित करने के लिए दोगुने प्रयास करे।

नए भारत की क्षमताओं और योगदान को पहचान रही है दुनिया : जयशंकर

बोगोटा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि दुनिया नए भारत की क्षमताओं और उसके योगदान को पहचान रही है और यह भावना प्रबल हो रही है कि आज के भारत के पास चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करने की क्षमता है। जयशंकर कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में मंगलवार को भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत में हो रहे बदलाव को स्वीकार कर रही है। जयशंकर ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ भारत के नए भारत में परिवर्तित होने और इसके वैश्विक निहितार्थों को भी साझा किया। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि कैसे दुनिया नए भारत की क्षमताओं और योगदान को पहचान रही है। विदेश मंत्री ने यूक्रेन संघर्ष या विकसित दुनिया और विकासशील दुनिया से संबंधित समस्याओं का हवाला देते हुए प्रवासी भारतीयों से कहा, इन सबके बीच हर तरफ आज

यह भावना है कि भारत एक ऐसा देश है, जो किसी न किसी रूप में एक ऐसे सेतु का काम कर सकता है, जो अलग-अलग विचारों को एक साथ लाता है और समस्याओं का समाधान खोजने में मदद करता है। जयशंकर ने तुर्किए में आए विनाशकारी भूकंप के दौरान भारत की ओर से 24 घंटे के भीतर उसे मदद मुहैया कराने के वाकिए का उल्लेख करते हुए कहा कि, पिछले एक दशक में, हमने संकट के समय पहली प्रतिक्रिया देने वाले के रूप में प्रतिष्ठा बनाई है। जब कुछ होता है तो हम तेजी से आगे बढ़ते हैं, क्योंकि हमने देश के भीतर अपनी क्षमता विकसित कर ली है और अब हमें लगता है कि हम काफी अच्छे हैं, काफी अनुभवी हैं और बाहर ऐसा करने के लिए पर्याप्त रूप से जिम्मेदार हैं। विदेश मंत्री ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को लेकर भी कहा, जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने की दिशा में आज हम खुद को नेतृत्व करने वाले देश के रूप में देख रहे हैं, एक ऐसा देश, जिसने सौर ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बहुत कुछ किया है, वास्तव में विचारों और प्रथाओं तथा संस्थानों की एक पूरी श्रृंखला के साथ तैयार है।

जयशंकर ने विदेशों में रह रहे भारतीयों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में भी बात की। उन्होंने प्रवासी भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि विदेशों में भारत की छवि समुदाय के लोगों ने बेहतर बनाई है। कोलंबिया प्रवास के दौरान जयशंकर यहां के कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि जयशंकर गुयाना, पनामा, कोलंबिया और डोमिनिक गणराज्य की नौ-दिवसीय यात्रा पर हैं।

एयरटेल ने देश के 3 हजार शहरों और कस्बों में पहुंचाई 5जी सर्विस

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी भारती एयरटेल की 5जी सर्विस देश के 3 हजार शहरों और कस्बों में पहुंच गई है। कंपनी का दावा है कि वह हर रोज 30-40 शहरों में अपनी 5जी सेवाएं शुरू कर रही है।

एयरटेल ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि 27 अप्रैल को उसकी 5जी प्लस सर्विस अब भारत के तीन हजार शहरों और कस्बों में उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध है। कंपनी ने बताया कि देश के सभी प्रमुख शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों जम्मू के कटरा, केरल के कन्नूर, बिहार के पटना, तमिलनाडु में कन्याकुमारी, अरुणाचल प्रदेश में ईटानगर, केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव में एयरटेल 5जी प्लस की सर्विस पहुंच गई है। कंपनी के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी रणदीप सेखों ने कहा कि हम 5जी नेटवर्क के साथ देश के बड़े हिस्से तक पहुंचने को उत्साहित हैं। हम सितंबर, 2023 तक भारत के हर कस्बे और प्रमुख ग्रामीण क्षेत्रों तक अपनी 5जी सेवा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम हर दिन 30-40 शहरों एवं कस्बों को जोड़ रहे हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।